इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# जम्मू में बड़ा हादसा... यात्रियों से भरी यूपी की बस खाई में गिरी, 22 की मौत, 69 लोग घायल





जम्मू। जम्मू-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग (144ए) पर अखनूर के चूंगी मोड़ क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में अब तक 22 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब 69 यात्री घायल हो गए। इनमें 57 को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया और 12 लोगों का इलाज अखनूर उपजिला अस्पताल में जारी है। बस में 91 यात्री सवार थे। पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा बचाव अभियान चलाया। खाई से निकाल कर घायलों को अखनूर उपजिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जम्मू मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) रेफर किया गया।

बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए शिवखोड़ी जा रहे थे यात्री

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उत्तरप्रदेश के हाथरस की यह बस हरियाणा के कुरुक्षेत्र से शिवखोड़ी धाम जा रही था। शिवखोड़ी धाम, जम्मू संभाग के रियासी जिले के पौनी में स्थित है, जो कि कटड़ा सिथ्त माता वैष्णो देवी मंदिर से मात्र 80 किलोमीटर की दूरी पर है। यह भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।

अस्पताल में इलाज करा रहे घायलों में से एक अमर चंद ने बताया, एक कार विपरीत दिशा से आ रही थी। बस चालक ने तीखा मोड़ को पार करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप वाहन खाई में जा गिरा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात) फैसल कुरैशी, परिवहन आयुक्त और अन्य अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और अभियान की निगरानी की। संभागीय आयुक्त रमेश कुमार, एसएसपी-जम्मू और जम्मू के डिप्टी कमिश्नर ने घायलों के बारे में जानकारी लेने के लिए जीएमसी अस्पताल का दौरा किया।

बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### तीखे मोड़ पर सामने से आ रही बस से बिगड़ गया संतुलन

जानकारी के अनुसार, बस का नंबर है- यूपी 86ईसी 4078 बताया गया है। यह बस अखनूर के चूंगी मोड़ में गहरी खाई में जा गिरी। इस तीखे मोड़ पर सामने से आ रही एक बस के आने से हादसे वाली बस के चालक का संतुलन बिगड़ा गया और यह दुर्घटना हो गई। बस के गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। तुरंत में राहत और बचाव अभियान चलाया गया।

## कन्याकुमारी पहुंचे पीएम मोदी, एक जून तक प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल में करेंगे ध्यान



चेन्नई। लोकसभा चुनाव के 7वें और अंतिम चरण के तहत शनिवार 1 जून को 8 राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों की 57 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इन सीटों पर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन, चुनाव प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीन दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा पर ध्यान लगाने के लिए कन्याकुमारी पहुंच गए हैं।

### विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाएंगे पीएम मोदी

लोकसभा चुनाव के लिए देश भर में पिछले 75 दिनों के दौरान 206 चुनावी रैलियां, रोड शो एवं चुनाव से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और 80 से ज्यादा मीडिया साक्षात्कार देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से कन्याकुमारी के उसी प्रसिद्ध विवेकानंद रॉक मेमोरियल (विवेकानंद शिला पर) पर एक जून तक ध्यान लगाएंगे, जहां पर स्वामी विवेकानंद ने तीन दिनों तक तपस्या करते हुए विकसित भारत का सपना देखा था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह वही स्थान है जहां देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर भगवान शिव की प्रतीक्षा की थी। यह भारत का सबसे दक्षिणी छोर है, जहां पर पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट आपस में मिलते हैं। यह क्षेत्र हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन स्थल भी है।

### मां भगवती अम्मन मंदिर में की पूजा अर्चना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी पहुंचकर सबसे पहले मां भगवती अम्मन मंदिर में पूजा अर्चना किया। इसके बाद वह विवेकानंद रॉक मेमोरियल (विवेकानंद शिला पर) गए। जहां पर ध्यान मंडपम में वह एक जून तक मेडिटेशन करेंगे अर्थात ध्यान लगाएंगे। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में लगभग 45 घंटे तक रहेंगे और एक जून की शाम को वह दिल्ली के लिए रवाना हो सकते हैं। एक जून की शाम को रवाना होने से पहले वह तमिल कवि तिरुवल्लुवर की 133 फीट ऊंची प्रतिमा भी देखने जाएंगे।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महंगाई दर में आगे और आएगी गिरावट, आरबीआई ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट




नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल औसत से ज्यादा मानसूनी बारिश और आपूर्ति श्रृंखला की बाधा दूर होने से वित्त वर्ष 2024-25 में औसत खुदरा महंगाई 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। आरबीआई ने गुरुवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में ओवरऑल महंगाई दर 1.3 प्रतिशत कम होकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम होने, कोर मुद्रास्फीति में वृहद आधार पर नरमी और सामान्य से ज्यादा मानसूनी बारिश 2024-25 में मुद्रास्फीति के परिदृश्य के लिए अच्छे संकेत हैं।

रिपोर्ट में हालांकि यह भी कहा गया है कि जलवायु संबंधी संकट खाद्य मुद्रास्फीति और ओवरऑल खुदरा महंगाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। जलाशयों में निम्न जलस्तर, खासकर दक्षिणी राज्यों में, और 2024-25 के शुरुआती महीनों में सामान्य से ज्यादा तापमान पर नजदीकी नजर रखने की जरूरत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, जारी भू-राजनीतिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने जा रही है', प्रचार के अंतिम दिन राहुल गांधी का दावा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार अभियान गुरुवार को थम गया। सातवें और आखिरी चरण के लिए एक जून को मतदान होना है। चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। चुनाव में सभी राजनीतिक दलों ने जनता को लुभाने के लिए कई बड़ी-बड़ी रैलियां, चुनावी अभियान और रोड शो किए। 16 मार्च को चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की थी। जिसके बाद देशभर में आचार संहिता लागू हो गई थी। सात चरणों में होने वाले चुनाव अभियान में कांग्रेस पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंकने की कोशिश की। आज प्रचार खत्म होने के बार राहुल गांधी ने एक वीडियो संदेश जारी किया और अपने कार्यकर्ताओं को धन्यवाद किया।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में हारेगी और इंडिया गठबंधन का सरकार बनेगा। अपने वीडियो में उन्होंने कहा, आज प्रचार के आखिरी दिन मैं देश की महान



जनता को प्रणाम करते हुए कांग्रेस के बब्बर शेर कार्यकर्ताओं से विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि 'इंडिया' की सरकार बनने जा रही है। मैं गठबंधन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिल से धन्यवाद देता हूं जो देश के संविधान और संस्थाओं को बचाने के लिए बिना झुके खड़े रहे। हम जनता से जुड़े हुए वास्तविक मुद्दों पर चुनाव लड़ने में सफल रहे और प्रधानमंत्री के बार बार भटकाने के प्रयास के बावजूद किसानों, मज़दूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचितों की आवाज़ उठाई। हम ने मिलकर वैकल्पिक विज़न के रूप में हर वर्ग का जीवन बदलने वाली क्रांतिकारी गारंटियां देश के सामने रखीं और अपना संदेश कोने कोने तक पहुंचाया। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि अंतिम समय तक पोलिंग बूथ्स और स्ट्रांग रूम्स पर नज़र जमाए रखें। 'इंडिया' जीतने जा रहा है।

राहुल गांधी ने 107 रैलियों को किया संबोधित

16 मार्च से 30 मई तक कांग्रेस सांसद राहुल गांधी चुनावी रैलियों, रोड शो, न्याय यात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से जुड़े। कांग्रेस पार्टी के मुताबिक, 75 दिनों की अवधि के दौरान राहुल गांधी ने करीब 107 चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान के दौरान 100 से अधिक जनसभाएं की। इसके साथ ही इस दौरान उन्होंने 20 से अधिक प्रेस कॉन्फ्रेंस और 50 से अधिक अलग-अलग चैनलों को साक्षात्कार भी दिए।

कांग्रेस पार्टी के मुताबिक, 55 दिनों के इस चुनाव अभियान में प्रियंका गांधी वाड्रा ने 108 जनसभाओं और रोड शो में हिस्सा लिया। उन्होंने अमेठी और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जून से महंगी होगी बिजली : प्रति यूनिट 10 से 15 पैसे तक होगी बढ़ोतरी



### जुलाई में आएगा बढ़ा हुआ बिल

रायपुर। भीषण गर्मी के बीच बिजली उपभोक्ताओं को अगले महीने यानी जून से बड़ा झटका लगने वाला है। बिजली नियामक आयोग नया टैरिफ जारी करेगा। इसके बाद बिजली महंगी हो जाएगी और जुलाई में बढ़ा हुआ बिल भरना पड़ेगा।

आयोग और बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 10-15 पैसे तक अतिरिक्त देने होंगे। इसी तरह कॉमर्शियल और कृषि उपभोक्ताओं को भी अतिरिक्त शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया कि नुकसान की भरपाई करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग को 4,420 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय की जरूरत बताते हुए 20 प्रतिशत तक टैरिफ में वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। तर्क दिया गया है कि, लाइन लॉस, बिजली चोरी की वजह से कंपनी को राजस्व में 3 हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो रहा है।

छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा के सातवें एवं अंतिम चरण का चुनाव प्रचार थमा, एक जून को होगा मतदान



नयी दिल्ली। भीषण गर्मी और राजनीतिक दलों के एक-दूसरे के खिलाफ तीखे बयानों से भरा अठारहवीं लोक सभा चुनाव के लिये करीब दो महीने तक चला चुनाव प्रचार का सिलसिला गुरुवार शाम छह बजे थम गया। चुनाव के प्रचार थमने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को कन्याकुमारी पहुंच गए। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर (कन्याकुमारी मंदिर) में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद विवेकानंद शिला जाकर एक जून तक ध्यान लगायेंगे।

इन चुनावों में सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिये मतदान शनिवार को होगा। इसके साथ ही उसी दिन ओडिशा विधानसभा के चौथे और अंतिम चरण में 42 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा। नियमों के तहत इन सीटों पर सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान समाप्त होने के 48 घंटे पहले आज शाम छह बजे शाम छह बजे थम गया।

प्रचार अभियान में भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने कांग्रेस और अन्य दलों के इंडिया समूह पर परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार को लेकर आक्रमण किया। विपक्ष ने भाजपा नीत सरकार पर चुनावी बॉंड में भ्रष्टाचार, धार्मिक विभाजन की राजनीति और विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के इस्तेमाल के साथ-साथ संविधान को बदलने का मंसूबा रखने के आरोप लगाये।

सातवें चरण के आम चुनाव के लिये सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी इंडिया समूह के स्टार प्रचारकों के अलावा उनके घटक दल के नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के लिये सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया।

निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिये चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान की अवधि समाप्त होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर संपर्क कर मतदाताओं का समर्थन जुटा सकते हैं।

इस बीच, प्रधानमंत्री आज शाम को चुनाव प्रचार थमने के बाद कन्याकुमारी पहुंचे और वह कन्याकुमारी के प्रसिद्ध भगवती देवी अम्मन मंदिर (कन्याकुमारी मंदिर) में दर्शन-पूजन किया और उसके बाद विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 48 घंटे (एक जून तक) तक ध्यान लगायेंगे। उनके प्रवास के लिये सुरक्षा के भारी इंतजाम किये गये हैं।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायपुर IIM में लगेगी साय सरकार के मंत्रियों की क्लास: सरकार चलाने का सीखेंगे मैनेजमेंट



रायपुर। छत्तीसगढ़ की पूरी कैबिनेट कल से आईआईएम रायपुर में रहेगी। राज्य कैबिनेट के मंत्रियों के लिए वहां एक स्पेशल दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। इन दो दिनों में मंत्री प्रशासन का गुर सिखने के साथ सुशासन का पाठ पढ़ेगें। मंत्रियों की ट्रेनिंग के लिए 2 दिनों का स्पेशल शेड्यूल तैयार किया गया है। इतना ही नहीं ट्रेनिंग के लिए देशभर के प्रोफेशनलों को बुलाया गया है, जो अलग-अलग विषयों पर विस्तार से जानकारी देंगे।

2 दिनों तक मंत्री लगातार क्लास में व्यस्त रहेगें। इस दौरान छत्तीसगढ़ के 10 वर्षों के विजन से लेकर खेती- किसानी और प्रशासन के आधुनिक तरीकों का ज्ञान प्राप्त करेगें। मंत्रियों के क्लास की शुरुआत छत्तीसगढ़ के 10 वर्षों के विजन प्?लान से होगी। इस विषय पर छत्तीसगढ़ के पूर्व एसीएस बी.वी.आर. सुब्रमण्यम जानकारी देंगे। सुब्रमण्यम अभी नीति आयोग के सीईओ हैं। वे पीएमओ में मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी दोनों के साथ काम कर चुके हैं। सुब्रमण्यम जम्मू- कश्मीर के मुख्य सचिव के पद पर भी काम कर चुके हैं।

छत्तीसगढ़ के 10 वर्षों के विजन के बाद बात स्वास्थ्य सेक्टर की होगी। इस विषय पर आईआईएम अहमदाबाद के प्रो. राजेश चांदवानी जानकारी देंगे। राज्य के विकास में मजबूत अधोसंरचना सबसे जरुरी है। ऐसे में मंत्रियों की ट्रेनिंग में इस विषय को भी शामिल किया गया है। इस पर आईआईएम अहमदाबाद के प्रो. अजय पांडे ज्ञान वर्धन करेगें।

छत्तीसगढ़ खनिज संपन्न राज्य है। राज्य बना तक इन्हीं खनिज भंडारों के दम पर राज्य को टैक्स फ्री स्टेट बनाने की कल्पना की गई थी। ऐसे में मंत्रियों की ट्रेनिंग में प्राकृतिक संसाधनों का कुशल उपयोगः और खनन क्षेत्र में सुधार को भी शामिल किया गया है। इस पर आईएसएम धनबाद के प्रो. शिव शंकर राय और संजय लोहिया प्रस्तुती देगें। लोहिया भारत सरकार के खान मंत्रालय में एडिशनल सचिव हैं। मंत्री पहले ही दिन वित्त प्रबंधन का भी पाठ पढ़ेगें। आईआईएम इंदौर के प्रो. सिद्धार्थ के. रस्तोगी लोक वित्त और अर्थशास्त्र पर विषय पर जानकारी देंगे। बताएंगे कि प्रगतिशील अर्थव्यवस्था के लिए कुशल लोक वित्त प्रबंधन कैसे किया जाता है। प्रो. कमल जैन और मनोहर आर्कोट के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अपने हिस्से का पानी लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट जायेगी केजरीवाल सरकार : आतिशी



नयी दिल्ली। दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी की मांग को लेकर हो रही बातचीत का हरियाणा सरकार पर कोई असर नहीं पड़ने की वजह से केजरीवाल सरकार ने अब उच्चतम न्यायालय जाने का निर्णय लिया है।

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली के हिस्से की पानी की मांग को लेकर हम शीर्ष अदालत जा रहे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इस वजह से दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार ने वॉटर टैंकर वॉर रूम बनाया है, जहां से दिल्लीवासी 1916 पर कॉल कर पानी के टैंकर मंगा सकते हैं। पानी की बर्बादी रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड (डीजीबी) की 200 टीमें बनाई गई है।

सुश्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से पानी का संकट बना हुआ है। दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं आ रही है। इस समस्या का मुख्य कारण हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पूरा पानी यमुना में नहीं छोड़ा जाना है। सबको पता है कि दिल्ली पानी के लिए काफी हद तक यमुना पर निर्भर है। यमुना के पानी से दिल्ली के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट चलते हैं। दिल्ली सरकार पानी के मसले को लेकर उच्चतम न्यायालय का रुख कर रही है।

# पीएम मोदी की लीडरशिप में भाजपा को पहली बार मिला पूर्ण बहुमत, बने सबसे अधिक दिनों तक सत्ता में रहने वाले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अक्सर ये दावा करता है कि बीजेपी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। और आज अगर वो इस मुकाम पर पहुंच पाए हैं तो वह किसी और की नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की वजह से संभव हो पाया है। बीजेपी का ये दांवा कुछ हद तक सही भी है। क्योंकि 2014 में पार्टी के चुनाव प्रचार की कमान जब प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में आई तो लोकसभा चुनाव के नतीजे बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए ऐतिहासिक रहे, एक का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन और दूसरे का सबसे खराब प्रदर्शन।

### 2019 में बीजेपी ने तोड़ा खुद का रिकॉर्ड

भाजपा ने 282 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत हासिल कर स्वतंत्र भारत के 67 साल के इतिहास में जादुई संख्या को पार करने वाली पहली गैर-कांग्रेसी पार्टी बनकर इतिहास रच दिया। इसने उत्तर प्रदेश में अपनी सबसे बड़ी छाप छोड़ी। 2009 के चुनाव में यूपी में केवल दस सीटें जीतने वाली पार्टी ने 2014 में 80 में से 71 सीटें हासिल कीं। वहीं कांग्रेस अपने निचले स्तर पर पहुंच गई। इसके बाद 2019 में हुए आम चुनाव में बीजेपी ने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर 303 सीटें जीती और एनडीए गठबंधन 353 सीटें जीतकर लगातार दूसरी बार सत्ता में पहुंचा।



### बने सबसे अधिक दिनों तक सत्ता में रहने वाले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास सबसे अधिक दिनों तक पद पर रहने वाले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री बनने का भी रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री मोदी से पहले अटल बिहारी वाजपेयी जी के सभी कार्यकाल की कुल अवधि 2268 दिन की थी। देश की सबसे ज्यादा समय तक सेवा करने के तीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और मनमोहन सिंह हैं, ये तीनों ही कांग्रेस से ताल्लुक रखते हैं। दिल्ली आने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी बखूबी संभाली।

### 2014 में 17 तो 19 में 23 करोड़ मतदाताओं ने बीजेपी को चुना

26 मई 2014 को जो शुरुआत हुई थी, वो आज तक जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी सबसे कामयाब राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी को 10 साल तक लगातार जीत दिलाते आए हैं। ये सफर अभी थमा नहीं है। 2014 में भारत में 82 करोड़ मतदाता थे। यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया को मिला दे तो, ये संख्या उनकी पूरी आबादी है. इनमें से करीब 55 करोड़ ने वोट डाले? इनमें से 17 करोड़ मतदाताओं ने बीजेपी को चुना। वहीं, 2019 में भारत में 91 करोड़ मतदाता थे। यानी यूरोप, रूस और ऑस्ट्रेलिया की कुल आबादी के बराबर मतदाता। 2019 के चुनाव में बीजेपी को अगले 23 करोड़ वोट मिले, जो उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक लोगों की छह कतारों के बराबर है।

### मोदी मतलब बीजेपी के लिए जीत की गारंटी

दो साल पहले नलिन मेहता की किताब 'द न्यू बीजेपी' बताती है कि मोदी की चुनावी जीत सिर्फ प्रचार और उत्साह के बल पर नहीं बल्कि, जातिगत गणित की गहरी और वैज्ञानिक समझ के हिसाब से उसके प्रबंधन का नतीजा है। इन अध्यायों में राज्य और जिले के स्तर पर अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नवतपा में लगातार झूलसा रही है सूरज की किरणें





○ हीट वेव का खतरा बना... रात में भी चल रहे गर्म हवा के थपेड़े
○ जन-जीवन प्रभावित
○ नौ-तपा में सूरज का तपना जरूरी - अशोक चौधरी

राजनांदगांव। 24 मई को जेष्ठ माह की शुरूआत के ठीक दूसरे दिन 25 मई से नवतपा लग गया है। नवतपा लगने के साथ धरती के प्राणियों को इतना तप रहा है कि पेड-पौधे, पशु-पक्षी सभी सूरज की तेज किरणों से झूलस रहे है। आदमी नाम का प्राणी तो नवतपा की तपन से बेजार हो जा रहा है। जेष्ठ के महिने में अंगारे उगल रहा सूरज व गर्म हवाओं के चल रहे थपेड़े का आदमी सहन नहीं कर पा रहा और बीमार होने की स्थिति में आ जा रहा है। नौ-तपा में आग बरसाने वाली सूरज की किरणों से बचने के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक चल रहे गर्म हवा लोगों को पसीने से तरबतर किये दे रहा है। ऐसे समय में पंखे, कुलर, एसी भी लोगों को राहत नहीं दे पा रहे। तापमान 46 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग की माने तो सप्ताह भर के भीतर तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। लोग झुलसाने वाली किरणों से बचने के लिए अधिकांश समय अपने घरों में व्यतीत कर रहे है।

इसके बाद भी गर्मी और उमस से उन्हें किसी प्रकार राहत नहीं मिल रही है। सुबह से लेकर देर शाम -रात तक पड़ रही प्रचंड गर्मी से जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी का असर लोगों के सेहत पर दिखाई देने लगा है। लोग सर्दी-खासी से लेकर हाथ पैर में दर्द, जकड़न व वायरल, फीवर तथा उल्टी-दस्त सिर चकराने जैसी बीमारी के शिकार होने लगे है।

### खूब तपेगा नौतपा

कहा जाता है कि नवतपा में जितनी ज्यादा तेज धूप व गर्मी लगेगी कृषि कार्यों के लिए उतना ही अच्छा है। इससे प्रकृति चक्र में भी संतुलन स्थापित होता है। भीषण गर्मी पड़ने से बारिश भी अच्छी होती है जो सभी के लिए सुखकर है। नगर के किसान नेता अशोक चौधरी ने बताया कि नौतपा अगर न तपे तो क्या होता है?

दो-मूसा, दो कातरा, दो तीड़ी, दो ताय,
दो की बादीजल हरै.... दो विश्वर दो बाय।।

इसका अर्थ उन्होंने बताया कि नौतपा के पहले दो दिन लू न चली तो चूहे बहुत हो जाएंगे। अगले दो दिन न चली तो कातरा (यानिकि फसल को नुकसान पहुंचाने वाला कीट-कटुआ रोग) बहुत हो जाएंगे। तीसरे दिन से दो दिन लू नहीं चली तो टिड्डियों के अण्डे नष्ट नहीं होंगे। चौथे दिन से दो दिन नहीं तपा तो बुखार लाने वाले जीवाणु नहीं मरेंगे। इसके बाद दो दिन लू नहीं चली तो विश्वर यानिकि सांप-बिच्छु नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे और आखिरी दो दिन भी लू नहीं चली तो आंधिया अधिक चलेगी जिससे फसल चौपट हो सकती है। इसलिए प्रकृति के साथ हर मौसम का मजा लेते हुए जीए। लू से भयभीतन होवे। स्वस्थ्य रहे मस्त रहे।

वैसे बता दे कि हमारे कृषि प्रधान देश के लिए धाध व भडरी ने दोहा रूप से बहुत कुछ बाते कही है। बारिश के बारे में कहा है कि नौतपा जितनी तपेगा उतनी ही अच्छी बारिश होगी। इसके लक्षण भी बताए गए है जैसे चिड़िया धूल में नह रही है। चीटीं अण्डे लेकर उपर चढ़ रहे है तो बारिश निकट है और भरपूर बारिश होगी। हमे इसे समझने की जरूरत है हमारे कृषि विद्वान धाध व भडरी की कहावतों व हमारे ऋषि मुनियों द्वारा कही गई बातों पर हमे गर्व करना चाहिए। प्रकृति में संतुलन के लिए नौतपा की नौ दिनों तक तपना इस लिए बहुत आवश्यक है। प्रति वर्ष नौ तथा 25 मई से 2 जून तक रहता है। हिन्दी पंचायग के अनुसार यह रोहिणी नक्षत्र का होता है। प्रकृति के लिए यह आवश्यक है कि नवतपा खूब तपे। इससे प्रकृति का संतुलन बना रहेगा।

### अगले दो दिन रहेगी भीषण गर्मी

मौसम विज्ञानी श्री चन्द्रा ने बताया कि उत्तर पश्चिम क्षेत्र से आ रही गर्म हवा के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश में ट्रेम्पेचर बढ़ा हुआ है। गर्म और शुष्क हवा लू चलने जैसी स्थिति पैदा किए दे रही है। यह धीरे धीरे कम होगा वही अगले दो दिन भीषण गर्मी के बने रहेंगे। 2 जून के बाद कही कही बारिश होने की संभावना है। श्री चन्द्रा अनुसार अभी दो-तीन भीषण गर्मी के और काटने होंगे। नवतपा 2 जून तक रहेगा। इसके बाद पांच दिनों का पंचक नवतपा जैसे ही तपने वाला होता है। हल्की फुल्की बारिश पानी की स्थिति बनने से उमस व चिपचिपी गर्मी से लोग बेजार हो उठते है। वर्तमान में लोगों का नवतपा के हीट वेब से बचना जरूरी हो गया है। लोग यदि आवश्यक कार्यवश बाहर निकल रहे है। तो गमछा, रूमाल, स्कार्फ आदि में मुह-सिर बांधकर निकल रहे है।

भीषण गर्मी से बचने छाव का सहारा व शीतल जल सहित शीतल पेय मुफीद लग रहा है। ज्यादा पानी का सेवन जरूरी है।

## पहला कॉलम...

### पुलिस द्वारा गुम हुये पति-पत्नि को उसके परिजनों से मिलाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र.-32/2024 के गुमशुदा व्यक्ति उम्र 22 साल एवं गुम इंसान क्र.-33/2024 के गुमशुदा महिला उम्र 23 साल दोनों गुमशुदा पति-पत्नि है जो 10 अप्रेल 2024 को घर से बिना बताये कहीं चले गये थे। जिस कारण गुम इंसानों के परिजन काफी परेशान थे। गुम रिपोर्ट बाद डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा गुम इंसानों के पता तलाश हेतु बारिकी से जांच करते हुये तकनिकी सहायता से गुम इंसानों का पता तलाश कर दिनांक 29 जून को बरेड़ी चौक दुर्ग छ.ग. से बरामद किया गया है। गुम व्यक्तियों से पुछताछ करने पर अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताये हैं। जिसे उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

### कल नगर यादव समाज की बैठक

डोंगरगढ़ (दावा)। नगर यादव समाज की बैठक एक जून को आयोजित की गई है। बैठक में आय व्यय की जानकारी दी जायेंगी। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि, नगर यादव समाज के कोषाध्यक्ष के द्वारा यादव मेला एवं वार्षिक आय व्यय एक जून दिन शनिवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर में रात्रि 8 बजे प्रस्तुत किया जायेगा। नगर के सभी प्रमुख व कार्यकारणी के सदस्यों को उपस्थित रहेने कि अपील की गई है।

### कौशल सिंह बघेल का निधन



खैरागढ़ (दावा)। राजपरिवार की सदस्य शिव मंदिर रोड निवासी श्रीमती कौशल सिंह बघेल (चीना) पति निरेश सिंह बघेल का 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कुछ महिनों से अस्वस्थ चल रही थी और रायपुर स्थित मेकाहारा हास्पिटल में स्वास्थ्य लाभ ले रही थी। उनकी अंतिम यात्रा गुरूवार 31 मई की सुबह शिव मंदिर रोड स्थित निवास से निकली और राजपरिवार के लालपुर स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।।वे अपने पिछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनको मुखाग्नि उनके एकलौते पुत्र निष्कर्ष सिंह (छोटू) ने दी। अंतिम यात्रा में राजपरिवार के सदस्य सहित जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

### राजधानी में यातायात आरक्षक की संदिग्ध मौत

रायपुर। यातायात आरक्षक की संदिग्ध मौत हो गई है। आरक्षक भागीरथी कंवर ड्यूटी पर जा रहा था इसी दौरान उसे बैचेनी हुई और वह एक दुकान में जाकर बैठ गया जिसके बाद वह बेहोश होकर गिर गया जिसे अस्पताल पहुंचाया गया पर डाक्टर ने आरक्षक को मृत घोषित कर दिया।


dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
28th to 30th May 2024
silver SCREEN




Mor Chhainha Bhuinya 2 (Chhattisgarhi)- 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 and 09:30 pm
Bhaiyya Ji - 12:15 & 03:15 pm
Shrikanth - 06:15 & 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200


## आज के भ्रमण में आयुक्त रेवाडीह, जी.ई. रोड, आशा नगर, सहदेव नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था तथा निर्माण कार्य देखा



**रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर में आसपास के सेन्टरों से नियमित कचरा मंगाकर कम्पोस्ट मशीन में डालने कहा**

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज प्रातः शहर में चल रहे निर्माण कार्यो के निरीक्षण के तहत रेवाडीह व आशा नगर, आर.के.नगर में चल रहे विकास कार्य का जायजा लेकर मापदण्ड के अनुरूप समय में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। वही उन्होंने रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर में आस पास के एसएलआरएम सेन्टरों से नियमित रूप से कचरा मंगाकर कम्पोस्ट मशीन में डालने निर्देशित किये।

आयुक्त श्री गुप्ता रेवाडीह में निर्माणाधीन मुक्तिधाम का निरीक्षण कर श्रद्धांजली हॉल, नाली, सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति पर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने आशा नगर के एप्रोज रोड सीमेंटीकरण कार्य को जल्द पूर्ण कराने को कहा, जिससे आशा नगरवासियों को आवागमन में परेशानी न हो। वही जी.ई.रोड के पास गोडवाना भवन विस्तार कार्य तथा वार्ड नं. 23 के विभिन्न गलियों में सीमेंटीकरण कार्य भी समय में पूर्ण कराने कहा।

रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर के स्वच्छता दीदीयों द्वारा अच्छे कार्य एवं साफ सुथरा संचालन के लिये सराहना करते हुये प्रभारी से कहा कि गीला व सुखा कचरा घर में ही अलग अलग करने समझाईस देवे तथा अपने घर व आसपास साफ सुथरा रखने भी समझाईस देवे। उनके द्वारा साफ सफाई का जायजा लिया गया और हाजरी रजिस्टर की जॉच कर निर्धारित समय तक सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एसबीएम प्रभारी श्री रामटेके से कहा कि रेवाडीह के आस पास के क्षेत्रों के एसएलआरएम सेन्टरों से नियमित कचरा इसी सेन्टर में मंगावे और कम्पोस्ट मशीन में डाले जिससे खाद निर्धारित समय में बन सके तथा खाद का विक्रय करने लोगों व किसानों से सम्पर्क करें।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उपअभियंता अशोक देवांगन, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## गोलबाजार क्षेत्र के जर्जर टायलेट से उठ रही भयानक बदबू.. आसपास के दुकानदार परेशान

○ साफ-सफाई का बना अभाव... कचरा गंदगी का साम्राज्य स्थापित... अतिक्रमण से संकरा हुआ बाजार
○ नए सुलभ शौचालय निर्माण में हो रही देरी



राजनांदगांव(दावा)। गोल बाजार क्षेत्र के मस्जिद के पीछे लगने वाली सब्जी बाजार में लोगों के उपयोग के लिए निगम द्वारा टायलेट बनाया गया है। वह टायलेट आसपास पसरा वालों के अतिक्रमण के कारण ऐसे संकुचित जगह में हो गया है। जिसकी वजह से उसकी साफ-सफाई समुचित ठंग से नहीं हो पाती उपर से उक्त टायलेट के आसपास सड़ी गली -सब्जियों व दुकानों से निकलने वाले अन्य कचरे फेंक दिए जाने से आसपास में दुर्गन्ध का वातावरण बना रहता है। इससे आसपास के दुकानदार खासे परेशान है। दुकानदारों का कहना है कि उक्त टायलेट जिस बिल्डिंग में बना हुआ है वह काफी जर्जर हो चुका है। बिल्डिंग में जगह-जगह दरारे पड़ चुकी है। उपर में पानी का बड़ा टंकी होने के कारण लोड में उक्त टायलेट कभी भी धसक सकती है जिससे जन-धन की हानि हो सकती है। मस्जिद वाली बाजार गली में फोटो फ्रेम का दुकान चलाने वाले अब्दुल कादिर सोलंकी ने बताया कि उक्त टायलेट यहां पर किसी काम का नहीं रह गया है। सफाई नहीं होने से नालियां बजबजाती रहती है। वही टायलेट से साफ-सफाई के अभाव में दुर्गन्ध उठते रहता है। जर्जर हो चुका यह टायलेट कभी भी धरासायी हो सकता है। इसी तरह टेलर का दुकान चलाने वाले घनश्याम पटेल व एक अन्य दुकानदार अकबर सैफी ने बताया कि इस टायलेट को डिसमेंटलकर इसके ठीक बगल में स्थित पुराने पड़ चुके बंद व्यायाम शाला स्थल में नया टायलेट बनाया जाना चाहिए। इससे यहां पर बाजार के सड़ी-गली सब्जिया व अन्य कचरे फेके जाने से बचा जा सकेगा। नया टायलेट बनाए जाने से अघोषित मुक्कड़ भी नहीं रहेगा।

### सुलभ शौचालय निर्माण

बता दे कि मस्जिद वाली गली में लगने वाला सब्जी पसरा वालों के अतिक्रमण से काफी संकुचित हो गया है। ऐसे क्षेत्र में उक्त टायलेट होने व उसकी समुचित साफ सफाई नहीं होने के कारण लोग वहा बदबू की वजह से जा नहीं पाते। लोगों का कहना है कि उक्त जर्जर टायलेट को डिस्मेंटल करा कर दूसरे स्थान पर सुलभ शौचालय बनाई जाए व उस स्थान पर कुछ दुकाने निकलवा कर उसे किराए पर दिए जाए। इससे निगम का फायदा होगा।

गोलबाजार क्षेत्र रानी सूर्यमुखी वार्ड पार्षद शरद सिन्हा ने बताया कि उक्त टायलेट की जर्जर स्थिति व लोगों की मांग को देखते हुए वही पर के बंद पड़ी व्यायाम शाला वाले स्थल पर सुलभ शौचालय बनाए जाने का प्रस्ताव पास पास हो चुका है। और इसक लिए 30 लाख रूपए का ठेका हो चुका है। इसके बाद भी निगम का तो उक्त संकुचित बाजार क्षेत्र के अवैध कब्जे हटाने में ध्यान है और न सुलभ शौचालय निर्माण की दिशा में ध्यान दिया जा रहा है। इससे लोगों को खासी दिक्कते हो रही है। लोगों को उक्त जर्जर टायलेट में जाने के लिए भी डर लगता है। न जाने कब उक्त जर्जर टायलेट धरासायी हो जाए। बहरहाल बाजार के उक्त क्षेत्र में नए सुलभ शौचालय का बनाना जरूरी हो गया है।

## नागपुर मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के वाहन के सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था तथा स्टेशनों पर दिव्यांगजन यात्रियों को अनेक सुविधाएं



राजनांदगांव(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत स्टेशिनों पर बीमार और बुजुर्ग यात्रियों के अलावा दिव्यांपगजन यात्रियों को भी अधिक से अधिक सुविधा उपलब्धर कराने हेतू मंडल सदैव प्रयासरत है। इन यात्रियों को रेल स्टेशनों पर अनेक सुविधाएं जैसे स्टेंन्डिपर्ड रॅम्पे, सायनेज, पीने के पानी के लिए सुविधाजनक वॉटर टॅप, टिकट काउंटरों में रॅम्पन की सुविधा, सुविधाजनक टॉयलेट, टेकटाइल मैप आदि प्रदान किये गए है। मंडल में दिव्यांरगजनों को दिए जाने वाली सुविधा के तहत रेल रियायतों से संबंधित नये कार्ड जारी तथा नवीनीकरण नियमित रूप से किया जाता है। साथ ही समय-समय पर प्रमुख स्टेशनों पर कैंप लगाकर दिव्यांगों को रेल रियायतों से संबंधित कार्ड जारी करने में होनेवाली कठिनाईयों को दूर करने का कार्य भी किया जा रहा है ताकि उनको रियायती कार्ड प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो साथ ही साथ समय की बचत हो सके। इसके अलावा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा अब दिव्यांनगजन यात्रियों को दिए जाने वाली सुविधाओं में विस्तार करते हुए मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पार्किंग स्टैंड पर दिव्यांगजनों के लिए पृथक पार्किंग स्थान चिन्हित किया जा रहा है ताकि वे अपना वाहन बिना किसी कठिनाई के असानी से पार्क कर सकें। कई बार स्टेशन परिसर पर उबलब्ध पार्किंग स्टैंड में जगह के अभाव में दिव्यांरगजन यात्रियों को अपने वाहन पार्क करने में काफी असुविधा होती है इसे ध्यान में रखे हुए उन्हें यह सुविधा उपलब्ध किये जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 15 स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है और दिव्याोगजनों के लिए सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। दिलीप सिंहदूवरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के आदेशानुसार सम्बंधित रेल कर्मियों द्वारा सभी स्टेशनों पर इन सभी सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है एवं इन सुविधाओं में उन्नयन व विस्तार हेतु आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

### रिश्वत लेते पकड़ाया जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर

अंबिकापुर। अंबिकापुर के पासपोर्ट ऑफिस में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। ऑफिसर 8 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ाया है। आरोपी ऑफिसर का नाम संकट मोचन राय बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दोलंगी ब्लाक रामचंदरपुर जिला बलरामपुर निवासी इसरार अंसारी ने बताया कि पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए वे एक महीने से अंबिकापुर के प्रधान डाकघर स्थिति पासपोर्ट ऑफिस में जा रहा था। लेकिन पासपोर्ट ऑफिस के जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट ऑफिसर संकट मोचन राय उन्होंने कुछ ना कुछ त्रुटि बता कर एक महीने से पासपोर्ट ऑफिस का चक्कर कटवा रहा था। इस दौरान संकट मोचन राय ने पीड़ित से पांच-पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। इस बीच इसरार और अन्य चार आवेदनकार्ताओं ने इसकी शिकायत एसीबी कार्यालय अंबिकापुर में दर्ज कराई।

### सूरजलाल सहारे का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। गौतम नगर वार्ड नम्बर 3 निवासी सूरजलाल सहारे, का आकस्मिक निधन दिनांक 30 जून को हो गया। अंतिम शव यात्रा आज 31 जून को सुबह 10 बजे निकाली जायेगी।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-5-7
455-4 338-4
राजधानी
4-8-0
122-5 467-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**
**ईश्तहार**

क्रं./प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 24/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) मेसर्स कृपाल उद्योग पार्टनर श्रीमती शिल्पा माखीजा पति रामचंद्र माखीजा, (2) मेसर्स कृपाल उद्योग पार्टनर हिमांशी माखीजा पति दीपक कुमार माखीजा, (3) मेसर्स कृपाल उद्योग पार्टनर श्रीमती श्रेया माखीजा पति राजेश कुमार माखीजा निवासी बाबादीप सिंग नगर, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम पचपेडी, पटवारी हल्का नंबर 16, खसरा नंबर क्रमशः 213/2, 215/1, 228/3 रकबा क्रमशः 1.1370, 0.2430, 0.2450 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 31/05/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**
**ईश्तहार**

क्रं. /प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 24/05/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) मेसर्स कृपाल एग्रीकल्चर इम्प्लीमेंट्स पार्टनर श्रीमती शिल्पा माखीजा पति रामचंद्र माखीजा, (2) मेसर्स कृपाल एग्रीकल्चर इम्प्लीमेंट्स पार्टनर राजेश कुमार माखीजा पिता जय कुमार माखीजा, (3) मेसर्स कृपाल एग्रीकल्चर इम्प्लीमेंट्स पार्टनर श्रीमती मीना माखीजा पति जय कुमार माखीजा निवासी-7/ जे. हैवी इंडस्ट्रीयल एरिया, हथखोज, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम पचपेड़ी, पटवारी हल्का नंबर 00016, खसरा नंबर क्रमशः 214/2, 225, 226, 228/1 रकबा क्रमशः 0.0650, 0.2060, 0.6150, 0.1210 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/शपथ पत्र/खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 31/05/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**
**ईश्तहार**

क्र. /प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 24/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) मेसर्स कृपाल इंडस्ट्रीज पार्टनर रामचन्द्र माखीजा पिजा आयल दास माखीजा, (2) मेसर्स कृपाल इंडस्ट्रीज पार्टनर दीपक कुमार माखीजा, (3) मेसर्स कृपाल इंडस्ट्रीज पार्टनर राजेश कुमार माखीजा दोनों के पिता जयकुमार माखीजा, निवासी प्लाट नं. 28 बाबादीप सिंग नगर, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम पचपेडी, पटवारी हल्का नंबर 00016, खसरा नंबर क्रमशः 215/2, रकबा 0.2430 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/ शपथ पत्र/ खसरा बी-1/ नक्शा/ ऋण पुस्तिका की प्रति/पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 31/05/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव**
**जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़**
**ईश्तहार**

क्रं. /प्रवा.-3/अ.वि.अ./2024
राजनांदगांव दिनांक 24/05/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृपाल एग्रो पार्क प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर- राजेश कुमार माखीजा पिता जय कुमार माखीजा, निवासी वार्ड न. 12, बाबादीप सिंग नगर, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा, पटवारी हल्का नंबर 00018, खसरा नंबर क्रमशः 57/1, रकबा 0.6320 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण किए जाने बाबत आवेदन पत्र/ शपथ पत्र/ खसरा बी-1/नक्शा/ऋण पुस्तिका की प्रति/ पंजीयन बैनामा/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग द्वारा उक्त खसरे पर स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 31/05/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202405091900028**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2023-24
साल्हे (प.ह.नं. 00018)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- परमिला बाई
अनावेदक पक्षकार - माखनलाल

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पटवारी हल्का नं. 18 ग्राम साल्हे राजस्व निरीक्षक रा. नि. मंडल आरी द्वारा उक्त आवेदन को वसीयतनामा होने के कारण ऑन लाईन न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदिका परमिला बाई पति चैतराम जाति कलार निवासी साल्हे द्वारा प्रस्तुत आवेदन में अनावेदक माखनलाल पिता डेरहा के नाम पर भूमि खसरा नं. 8/8, 8/9, 8/11, 8/12, 28/2, 77/1 रकबा 0.405, 0.113, 0.158, 0.089, 0.085,0.036 हेक्टेयर कुल खसरा नं. 6 कुल रकबा 0.886 हेक्टेयर भूमि को आवेदिका के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किये जाने के कारण उक्त भूमि को वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने वसीयतनामा की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14.6.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.5.2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, डोंगरगांव**

# मतगणना कार्य सावधानी के साथ सजगतापूर्वक करें - कलेक्टर

o मतगणना सहायकों को अनुशासन, समय और गोपनीयता बनाए रखने के दिए निर्देश
o मतगणना सहायकों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज मतगणना सहायकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मतगणना 4 जून 2024 को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना सहायकों को सुबह 7 बजे तक मतगणना स्थल के मतगणना टेबल में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि मतगणना कार्य गंभीर एवं महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतगणना कार्य को शुरू से ही सही तरीके से करने के लिए कहा। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतगणना कार्य सावधानी, सजगतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से करने के लिए कहा। उन्होंने मतगणना सहायकों को अनुशासन, समय और गोपनीयता बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने मतगणना सहायकों को अपने-अपने टेबल में अनुशासन बनाए रखने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गणना सहायकों को मतगणना कार्य शुरू होने के पहले अपने टेबल में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इसके बाद ही ईव्हीएम से मतगणना शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टेबल के लिए अलग-अलग मतगणना अभिकर्ता नियुक्त होते हैं, जो जाली के बाहर बैठे रहेंगे। संबंधित टेबल के लिए नियुक्त मतगणना अभिकर्ता उसी टेबल में बैठे, यह सुनिश्चित करने के लिए गणना सहायक को निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतगणना सहायकों को मतगणना के दौरान संबंधित टेबल में अन्य अभिकर्ता आने पर उन्हें नियत स्थान में जाने के लिए निर्देश देने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मतगणना सहायकों को मतगणना कार्य की विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ईव्हीएम मशीन से मतों की गणना के समय मशीन को सही तरीके से प्रदर्शित करना है और उसकी जानकारी सही तरीके के साथ उच्चारण कर जाली के बाहर बैठे गणना अभिकर्ता को बताना है। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार के मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना कक्ष में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है। मतगणना सहायकों की उपस्थिति संबंधित टेबल पर ही ली जाएगी। उन्होंने मतगणना सहायकों को मतगणना दिवस के पूर्व 2 जून को होने वाले मॉकड्रिल के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी मतगणना सहायकों को 2 जून को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में सुबह 7 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। जिससे मतगणना कार्य का रिहर्सल किया जा सके। मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा दीपक ठाकुर एवं टीम ने प्रशिक्षण में सभी मतगणना सहायकों को मतगणना कार्य के लिए प्रेक्टिकल करके दिखाया तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा, दीपक ठाकुर एवं टीम, मतगणना सहायक उपस्थित थे।

# अर्हम ध्यान योग एवं धार्मिक संस्कार शिविर का हुआ समापन

डोंगरगांव (दावा)। उत्कृष्ट समाधिस्थ आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी महामुनिराज, नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महामुनिराज, मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज श्री के आशीर्वाद व बाल ब्रम्हचारी पारस प्रशम भैया के कुशल निर्देशन में श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा 19 मई से 28 मई तक अर्हम ध्यान योग एवं धार्मिक संस्कार पूजन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की इस कड़ी में भैया जी द्वारा भक्ताम्बर दीपाराधना करवाया गया था, जिसमे समाज के 48 परिवार द्वारा 48 काव्य के दीपके जलवाए गए। शिविर का समापन कल 29 मई 2024 को किया गया। शिविर में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से योग, प्रातः 7 बजे से अभिषेक, शांतिधारा, संगीतमय पूजन, प्रातः 9 बजे से स्वल्पाहार, दोपहर 2 बजे जैन फाऊंडेशन की कक्षा, शाम 6.45 से आरती, ध्यान, शंका समाधान, पाठशाला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा था। शिविर में प्रतिदिन छोटे से लेकर बड़े बुजुर्ग तक के लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर के समापन का कार्यक्रम में जिनेन्द्र जैन, रमेश जैन राही, राजकुमार जैन, विमल जैन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे एवं ब्रम्हचारी पारस भैया जी के आशीर्वाद से समाज में हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। जिसमें मास्टर सानिध्य जैन, कु. श्रेष्ठा जैन, कु. समीक्षा जैन, मास्टर विवेक जैन, कु. ऋषिका जैन, मास्टर पर्व जैन, मास्टर चित्रांश जैन, मास्टर अतिशय जैन, कु. महक जैन, कु. नैंसी जैन, मास्टर श्रुत जैन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर इनका समाजिक सम्मान किया गया। दिगम्बर जैन समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि सम्मान की इसी कड़ी में शिविर में भाग लिए सभी प्रतिभागी व शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए। सभी प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया।

शिविर में विशेष रूप से सहयोग देने वाली नगर श्रीमति रश्मि जैन दुर्ग, श्रीमति प्रज्ञा जैन भोपाल, श्रीमति नीलम जैन, श्रीमति रश्मि जैन नागपुर, श्रीमति भानुप्रिया जैन, श्रीमति प्रज्ञा जैन, श्रीमति प्रगति जैन, श्रीमति पलक जैन का भी सम्मान किया गया। इसी प्रकार शिविर में स्वल्पाहार और पुरुस्कार हेतु रमेश कुमार, राहुल कुमार जैन राही परिवार, प्रवीण-श्रीमति मंजू जैन जैन वीडियो परिवार, अभिनव- श्रीमति नमिता जैन, विपिन- श्रीमति मंजू जैन, दिलीप भाऊ-श्रीमति श्वेता जैन, नीलेश-श्रीमति आरती जैन, श्रीमति सेठ शशि जैन (सेठ श्रुत जैन, सेठ अर्हम जैन), डोंगरगांव की समस्त विवाहित बेटियों, स्व. शैलेन्द्र कुमार-श्रीमति कंचन जैन, श्री विद्यासागर मित्र मंडल डोंगरगांव, मुकेश कुमार- श्रीमति माधुरी जैन (बैंक वाले), अमितोष जैन-श्रीमति विनीता जैन सागर, क्षमा इलेक्ट्रॉनिक्स डोंगरगांव, स्व. शाह हुकुमचंद जी जैन शिक्षक डोंगरगांव, स्व. चौसरा सिंघई हरीशचंद जी जैन डोंगरगांव, स्व. सेठ मुकेश जैन डोंगरगांव, स्व. श्रीमति सेठ कमला देवी जैन, स्व. शैलेन्द्र कुमार जैन डोंगरगांव (बिलासपुर), राकेश-श्रीमति नीलम जैन, लल्ली हजारी परिवार ने विशेष सहयोग किया, इन सभी को समाज के पदाधिकारियों धन्यवाद ज्ञापित किया। समापन समारोह में समाज के वरिष्ठजनों द्वारा भैया जी का भी सम्मान किया गया। समापन के साथ आज समाज के युवा वर्ग द्वारा संत भवन में मुनि श्री पवित्र प्रयोग वाचनालय का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसका उद्धघाटन बाल ब्रम्हचारी पारस प्रशम भैया जी द्वारा किया जाएगा। समापन समारोह के कार्यक्रम में विशेष रूप से कमेटी के प्रबोध जैन, धर्मेंद्र जैन, सतीश जैन, प्रमोद जैन, राकेश जैन, अनुज जैन, राकेश लाला जी व समाज के सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में चल रहा फुटबाल प्रशिक्षण शिविर



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के हृदय स्थल में स्थित रॉयल किड्स कान्वेंट जहां पर शिक्षा व खेलकूद को प्राथमिकता देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु तरह-तरह के आयोजन किए जाते हैं, इसी कड़ी में ग्रीष्म अवकाश में रॉयल किड्स कॉन्वेंट द्वारा ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शाला के बोर्ड मेंबर श्री श्रेयांश बहादुर स्वयं बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं इसी तरह संस्थान की हमेशा यह कोशिश रहती है कि बच्चों को अन्य सभी गतिविधियों में पारंगत किया जाए। यह प्रशिक्षण शिविर दिनांक 1 मई से प्रातः 6 से 8 शाम 5 से 7 बजे तक नियमित रूप से चल रहा है। संस्थान में इस तरह का प्रशिक्षण वर्ष भर सायं 4 से 7 बच्चों के हितार्थ चलता रहता है।

फुटबॉल एक ऐसा खेल है जिससे शरीर के सभी अंगों में रक्त संचार सुचारू रूप से होता रहता है, प्रशिक्षित छात्र केतुभ धमगेश से बात करने पर उसने बताया कि फुटबाल प्रशिक्षण के दौरान उसने फुटबॉल की काफी बारीकियों को समझा है तथा समस्त छात्रों को इसका लाभ प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, (सी.जी. बोर्ड) प्राचार्य गोपाल साहू, (सीबीएसई बोर्ड) प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, बरसर आई. के. वैष्णव एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# धीरी एनीकट जैसे पेयजल योजना की दुर्गति भाजपा की देन - कांग्रेस



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने डॉ. रमन सिंह के धीरी सहित 24 गांव के पेयजल को राइस मिल द्वारा प्रदूषित किए जाने पर राशन राइस मिल को बंद करने के निर्देश पर कहा कि डॉ.रमन सिंह के मुख्यमंत्रीत्व व विधायक कार्यकाल में क्षेत्र के 24 गांव के लिए पेयजल उपलब्ध कराने वाली धीरी एनिकट की जो दुर्गति और भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांघ कर इस योजना को तकनीकी रूप से पूरी तरह से फेल करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों पर भी कार्यवाही करने की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए जांच को सार्वजनिक कर भीषण गर्मी में अपने राजधर्म का पालन करें। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि किस प्रकार से धीरी के नाम पर ईरा में पूरी योजना भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को पार करते हुए भौगोलिक स्थिति और खरखरा और तांदुला से पानी के बहाव को भी नजर अंदाज कर 28 करोड़ 77 लाख की योजना को मेंटनेंस के नाम पर 42 करोड़ से अधिक राशि खर्च कर पी.एच.ई.ने मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र के 24 गांव की जनता के साथ जिस प्रकार धोखा किया वह छत्तीसगढ़ सहित भारत की राजनीति में योजना में एक बदनुमा दाग है योजना में मापदंड के विपरीत पाइपलाइन डालकर दिखावे का काम किया गया है जिसकी प्रमाणिकता आज भी धरातल में साफ नजर आती है आधी अधूरी योजना को हैंडओवर कर निर्माण एजेंसी को उपकृत करने का काम भी किया गया तब डा साहब मौन क्यों रहे क्योंकि अब एक राइस मिल पर कार्यवाही करने का निर्देश देकर जिम्मेदारी से वे बचने का कार्य कर रहे हैं अतः डॉ. रमन सिंह से निवेदन है कि वे अपने विधानसभा के बहुचर्चित धीरी एनिकट की भ्रष्टाचार, तकनीकी खामियों की रिपोर्ट जो जांच से प्रमाणित भी है उस पर कार्यवाही करावे क्योंकि डॉ.रमन सिंह के मुख्यमंत्रीत्व काल में प्रारंभ हुई अमृत मिशन योजना आज भी अपनी बेबसी पर आंसू बहा रही है साथ ही साथ खरखरा तक बिना जल संसाधन से अनुमति प्राप्त किए करोड़ की पाइप लाइन बिछाने का जो खुला खेल खेला गया, वह भी सीधे तौर पर पेयजल के नाम पर भाजपा की भ्रष्टाचार की गौरवपूर्ण कहानी है। ऐसी स्थिति में डॉ. रमन सिंह राइस मिल संचालक पर धीरी जलाशय में प्रदूषित पानी बहाने के लिए अपराध दर्ज की भी कार्यवाही कराकर धीरी एनीकट के भ्रष्टाचार पर कार्यवाही करावे।

# भीषण गर्मी का कहर : एसी में ब्लास्ट होने से मचा हड़कंप

रायपुर। नौतपा की भीषण गर्मी जारी हैं। इसी बीच राजधानी रायपुर के राजीव नगर में बड़ी घटना होते-होते टल गई। यहां के एक मकान की एसी में ब्लास्ट होने से आग लग गई। खम्हारडीह थाने में इस घटना की सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड़ की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक ओमलाल चंदेश्वर जो कि मकान नंबर ई-12 में रहते हैं के घर लगे एसी में ब्लास्ट हो गया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्लास्टिक बॉडी होने से आग में पूरी एसी जलकर खाक हो गया। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा हैं कि बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

## मुख्यमंत्री ने किया मृतकों को 5-5 लाख देने का ऐलान

रायपुर। खमतराई स्थित एक फोम फेक्ट्री में लगी आग से हुई दो महिलाओं के मौत के मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपए आर्थिक सहायता की घोषणा की है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने लिखा है कि रायपुर के खमतराई स्थित एक फोम फैक्ट्री में आग लगने से दो महिला कर्मचारियों की मृत्यु होने का हृदय विदारक समाचार मिला है। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के आदेश दे दिए गए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करता हूँ।

# शराब कोचिया द्वारा सरपंच से की गई मारपीट: ग्रामीणों ने थाना पहुंचकर विरोध जताया



डोंगरगढ़ (दावा)। अवैध शराब बंदी को लेकर ग्रामीण के लामबंध होते ही शराब के अवैध व्यापार में संलग्न व्यक्ति द्वारा सरपंच के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने थाना डोंगरगढ़ पहुंचकर अपना विरोध जताया। ग्रामीणों द्वारा शराबबंदी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें उपस्थित द्वारका प्रसाद सिन्हा द्वारा सरपंच से मारपीट करने की बात ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी को दिए गए ज्ञापन में कही गई है।

थाना प्रभारी को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि, ग्राम सेंदरी के समस्त ग्रामवासियों के द्वारा शराब बंदी पर मिटिंग का आयोजन किया गया था। जिसमें गांव के ही द्वारका प्रसाद सिन्हा एवं उनकी पत्नी चंद्रिका बाई सिन्हा जो कि गांव की मितानीन भी हैं, अपने पुत्र भवानी प्रसाद सिन्हा के हाथो शराब बिकी करवाते है। इसी संबंध में आयोजित बैठक खत्म होने के बाद सब अपने अपने घर जा रहे थे। तभी द्वारका प्रसाद अपने घर के पास सरपंच को बुलाकर जबरदस्ती मारपीट किया गया। सरपंच को बिना वजह मारपीट करने से गांव में अक्रोश व्याप्त हो गया है। ग्रामीण ने अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। और साथ ही, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# नशे के सौदागर दबोचे : 10 किलो से ज्यादा अवैध दवा खपाने की तैयारी में थे आरोपी, पुलिस ने ऐसे किया गिरफ्तार



बालोद (दावा)। नशीली गोलियों के दो तस्करों को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10.718 किलो ग्राम नशीली दवा जब्त की है। जिसकी कीमत 1,44,300 रुपये बताई जा रही है। दरअसल, नशे के बढ़ते व्यापार को देखते हुए पुलिस ने एक विशेष टीम बनाई थी। जिसके बाद से जांच पड़ताल शुरू की। जिस पर जिले के पड़की भाट बायपास पर दवाई खपाने के जुगत में लगे दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी विश्वपति गोराई और धर्मेन्द्र यादव के विरूद्ध थाना बालोद में 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया गया है।

एसपी एसआर भगत ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम पडकीभाट बायपास रोड की ओर दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में अधिक मात्रा में नशीली दवाई रखे हुए हैं और उसे बेचने खपाने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। मौके पर पुलिस पहुंची तो उनके पास जाकर उनका नाम पता पूछने पर अपना नाम विश्वपति गोराई और धर्मेन्द्र यादव बालोद निवासी बताया। सामान के बारे में पूछने पर टाल मटोल जवाब दिया।

**पुलिस संग औषधि निरीक्षक भी रहे शामिल**

इस गंभीर मामले की कार्यवाही में थाना बालोद के निरीक्षक रविशंकर पांडे, सउनि धरम मुआर्य, प्र.आर. संदीप बंजारे, हरीशचंद्र सिन्हा, आरक्षक भोपसिंह साहू, मोहन कोकिला, धनेश्वर साहू, सायबर सेल से मिथलेश यादव एवं औषधी निरीक्षक दीपीका चुरेन्द्र शामिल रहे थाना प्रभारी रविशंकर पांडे ने बताया कि पुलिस की इस कार्रवाई के बाद विश्वपति गोराई, धर्मेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया है। फिलहाल, पुलिस आगे मामले की जांच कर रही है।

# पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल सोसायटी पहुँचकर किसानों से मिले



घुमका (दावा)। पूर्व विधायक व अनुसूचित जाति प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल आज बघेरा, उपरवाह, घुमका, व पदुमतरा सोसायटी पहुंचे जहाँ उन्होंने किसानों से मुलाकात कर पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता की जानकारी ली। श्री बघेल ने सोसायटी के कर्मचारियों से भी चर्चा कर किसानों को आसानी से खाद बीज उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि किसान भाईयों द्वारा अब आने वाले मानसून को देखते हुए कृषि कार्य की तैयारी की जा रही है जिससे उन्हें पर्याप्त बीज व खाद की आवश्यकता समय रहते होती है जिससे वे अच्छी फसल ले सके। श्री बघेल ने किसानों से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर आप कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता को जरूर अवगत कराएं जिससे उसका समाधान हो सके। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, जयकुमार वर्मा, वरिष्ठ कांगेसी चन्द्रेश वर्मा, पीयूष दुबे, युकां नेता सौरभ वैष्णव, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, रमाकांत साहू, ललित चाँदतारे, महेश वर्मा, प्रह्लाद यादव, खेमचन्द पप्पू वर्मा, राकेश दामोदर वर्मा, ओमप्रकाश साहू, राजेश शान, संदीप वर्मा, राजेश वर्मा, अग्रसेन साहू, आशीष साहू, संतप्रसाद ठाकुर, दिनेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे।

# श्री मेडीशाइन अस्पताल हृदय रोग उपचार में नई उपलब्धि: पहली बार कंडक्शन सिस्टम पेसिंग की सफलतापूर्वक प्रायोगिक प्रक्रिया

रायपुर (दावा)। हमारे अस्पताल ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार करते हुए पहली बार कंडक्शन सिस्टम पेसिंग (सी.एस.पी.) प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की है। यह प्रक्रिया हमारे अनुभवी और कुशल हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा की गई, जिसे हमारे अस्पताल के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

## क्या है कंडक्शन सिस्टम पेसिंग?

कंडक्शन सिस्टम पेसिंग एक आधुनिक और उन्नत हृदय पेसिंग तकनीक है, जिसका उद्देश्य हृदय की विद्युत प्रणाली को सामान्य रूप में बहाल करना है। यह प्रक्रिया विशेष रूप से दिल के उन मरीजों के लिए फायदेमंद होती है जिनके हृदय की विद्युत प्रणाली में असामान्यता होती है, जिससे हृदय की धड़कन अनियमित हो जाती है। सीएसपी तकनीक हृदय की विद्युत प्रणाली के कंडक्शन सिस्टम को सीधे पेस करती है, जिससे हृदय की कार्यक्षमता में सुधार होता है और मरीज की गुणवत्ता जीवन में वृद्धि होती है।



## प्रक्रिया और सफलता

हमारे अस्पताल में यह प्रक्रिया अत्याधुनिक कैथ लैब में की गई, जहां सभी आवश्यक उपकरण और विशेषज्ञता उपलब्ध थी। यह प्रक्रिया हमारे प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.जोगेश विशनदासानी के नेतृत्व में की गई। डॉ. जोगेश विशनदासानी ने बताया, 'यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। कंडक्शन सिस्टम पेसिंग की सफलता ने हमें उन मरीजों के लिए नई उम्मीद दी है जो पारंपरिक पेसिंग तकनीकों से लाभान्वित नहीं हो पाते थे।' प्रक्रिया के दौरान, मरीज की सुरक्षा और आराम को सर्वोपरि रखा गया। सभी मापदंडों का पालन करते हुए, यह सुनिश्चित किया गया कि मरीज को किसी प्रकार की असुविधा न हो और प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## मरीज की प्रतिक्रिया

मरीज जिन्होंने इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया, ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, ''मुझे जब टेंपरेरी मशीन लगी थी तब पहले तो मैं इस प्रक्रिया को लेकर बहुत चिंतित था,लेकिन डॉक्टरों की टीम ने मुझे हर कदम पर भरोसा दिलाया। आज, मैं पहले से बेहतर महसूस कर रहा हूँ और मेरे दिल की धड़कन सामान्य हो गई है। मैं इस नई तकनीक और अस्पताल की टीम का तहे दिल से धन्यवाद करता हूँ।''

## भविष्य की दिशा

इस सफलता के साथ, हमारे अस्पताल ने हृदय रोगों के उपचार में एक नया अध्याय खोला है। हम भविष्य में और भी मरीजों को इस तकनीक से लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे डॉक्टरों की टीम लगातार अनुसंधान और विकास में लगी हुई है ताकि हम और भी उन्नत और सुरक्षित चिकित्सा तकनीकों को अपनाकर मरीजों की सेवा कर सकें। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि हमारे अस्पताल में आपको हमेशा सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा और देखभाल मिलेगी। कंडक्शन सिस्टम पेसिंग की इस सफलता ने हमें और भी प्रेरित किया है कि हम चिकित्सा के इस क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करें।

## अनमोल दावा

> ***कोयल अपनी भाषा बोलती है, इसलिए आज़ाद रहती हैं पर तोता दूसरे की भाषा बोलता है, इसलिए पिंजरे में जीवन भर गुलाम रहता है।***

## भारत में बच्चों-छात्रों में अवसाद और आत्महत्या के बढ़ते मामले

कोटा में वर्ष 2023 में अब तक 20 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। चाहे राजस्थान का कोटा शहर हो, पूरे देश का मामला हो या पूरी दुनिया की बात हो, आत्महत्या के आंकड़े दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भारत का ही जिक्र करें तो एनसीआरबी की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार देश में पूरे वर्ष में 13089 छात्रों ने आत्महत्या की। इसका मतलब है कि देश में प्रतिदिन 35 छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। ये आंकड़े भयावह हैं और इनसे भी भयावह यह आशंका है कि आगे भी इन आत्महत्याओं में कमी आने की संभावना नहीं है।

अब यक्ष प्रश्न यह है कि इस दुष्चक्र का समाधान क्या है। हम अपने छात्रों-बच्चों को कैसे बचा सकते हैं। इन सवालों को लेकर पत्रकार प्रेरणा कुमारी ने ऑन्कोलोजी विशेषज्ञ के रूप में टाटा मेमोरियल अस्पताल, नानावती अस्पताल और फॉर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुड़गांव में काम कर चुकी डॉ मीना मिश्रा से बातचीत की। डॉ. मिश्रा का कहना है कि देश में आज भी मानसिक बीमारियों को लेकर पर्याप्त जागरूकता नहीं है और लोग इन्हें बीमारी के बजाय दिमागी फितूर समझते हैं।

मानसिक बीमारियां हमारे युवाओं को काल के गाल की तरफ ले जा रही हैं। भारत के युवा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं लेकिन जिस तरह युवा वर्ग में आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं, यह भविष्य का बड़ा संकट बन सकता है। ऐसे में यह जरूरी है कि हम मानसिक बीमारी के लक्षणों को समझें और इसके निराकरण के लिए विशेषज्ञों से सलाह लें।

ब्रेन बिहेवियर रिसर्च फाऊंडेशन ऑफ़ इंडिया की अध्यक्ष डॉ. मिश्रा का कहना है कि माता-पिता को सबसे पहले यह समझना होगा कि बच्चों का पालन-पोषण पार्ट-टाइम जॉब नहीं है। बच्चों को हमेशा माता-पिता की देखभाल, प्रेम और संबल की जरूरत रहती है। सबसे पहले यह जरूरी है कि माता-पिता द्वारा बच्चों के पालन-पोषण और उनसे संपर्क का तरीका ऐसा होना चाहिए कि बच्चा किसी भी तरह मानसिक बीमारी का शिकार नहीं हो।

फिर भी अगर किसी भी कारण से ऐसा होता है तो उन्हें इसके लक्षण पहचानकर इसके निदान और समाधान के लिए विशेषज्ञ की सहायता लेनी चाहिए। बच्चों की दिन-प्रतिदिन की दिनचर्या में असामान्य परिवर्तन, बच्चे पहले जिन गतिविधियों में दिलचस्पी लेते थे उनमें दिलचस्पी गंवाना और अकेले या चुपचाप रहना मानसिक बीमारी के सामान्य लक्षण हैं। जैसे पहले बच्चे को कोई चीज़ खाने की बहुत रुचि हो लेकिन अब अगर वह उस चीज़ को भी खाने से आनाकानी करे, बहुत देर तक सोता ही रहे या बिल्कुल भी नहीं सोए।

# नशे में तबाह होती जिन्दगीयों को बचाना होगा

**- ललित गर्ग -**



बेशक 31 मई 2022 को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है।

सरकार की नीतियां भी दोगली है। लेकिन तेलंगाना सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाते हुए तंबाकू और निकोटीन युक्त गुटखा व पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, वह सुखद है। ऐसे गुटखों या पान मसालों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया है। हालांकि, अभी यह पाबंदी एक वर्ष के लिए है, शायद आगे इसकी समीक्षा होगी और उसके बाद राज्य सरकार स्थायी प्रतिबंध का फैसला करेगी। ऐसे निर्णय केन्द्र सरकार एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों को भी लेने चाहिए। क्योंकि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में, तेलंगाना में लगा प्रतिबंध कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात है। तेलंगाना अगर अपनी सीमा में प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करे, तो उसके पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को भी सहयोग के लिए खड़ा होना पड़ेगा। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया।



*विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस -31 मई 2024*

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग नशे के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। नशा आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए?

भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है।

नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम एक स्वस्थ नहीं, बल्कि बीमार राष्ट्र एवं समाज का ही निर्माण कर रहे हैं। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। नशे की ओर बढ़ रही युवापीढ़ी बौद्धिक रूप से दरिद्र बन जाएगी।

गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू सेवन कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदयघात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीति, विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि।

तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। डब्ल्यूएचओ के अनुसार धूम्रपान की लत से हर साल लगभग 60 लाख लोग मारे जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मौतें कम तथा मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है।

लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। स्कूलों के बाहर नशीले पदार्थों की धडल्ले से बिक्री होती है, किशोर पीढ़ी धुए में अपनी जिन्दगी तबाह कर रही है। हजारों-लाखों लोग अपने लाभ के लिए नशे के व्यापार में लगे हुए हैं और राष्ट्र के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चमड़े के फीते के लिए भैंस मारने जैसा अपराध कर रहे हैं। बढ़ती तम्बाकू प्रचलन की समस्या विश्व की दूसरी समस्याओं में सबसे देरी से जुड़कर सबसे भयंकर रूप से मुखर हुई है। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है। अगर आंकड़ों को सम्मुख रखकर विश्व मानचित्र (ग्लोब) को देखें, तो हमें सारा ग्लोब नशे में झूमता दिखाई देगा।

प्रेषकः (ललित गर्ग)
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486, 9811051133

## कविता

### पचास ऊपर पारा चढ़गे

होत बिहनिया लगे मंझनिया, पचास उप्पर पारा चढ़गे।
लक-लक लक-लक चारों मुड़ा, भोंभरा म पानी जरगे।।
झन झगरा मचा संझा छाया, सुरुज के झन मुँहू फूला।
तुँहर दूनों के किटिर-काटर, पचास उप्पर पारा चढ़गे।।

तहीं बता हे! सुरुज नरायन, जिवरा ल हम कहां लुकावन।
जर बुखार मा पंखा, कूलर, तुहींच्च ल हम अर्जी सुनावन।।
पेप्सी कोला मिरिंडा थम्सअप, गटकत हावन हमन सप-सप।
अउ कतेक शरबत पियन, हिमगंगे ल कतेक लगावन।।

तोर कहना रूख-राई लगावन, तभे बने छईहाँ पावन।
घेरी-घाँव कहि-कहि तँय हारे, धरती ल हमन हरियावन।।
गली सड़क सीमेंट कंक्रीट, लक-लक तीपे जस भट्ठा ईंट।
सबो कोती छेंका रुंधना मा, हम रूखराई कहां लगावन।।

रोशन साहू (मोखला)
7999840942

# मन में बसे हैं राम: 162- श्री राम और राजा दशरथ में अभिषेक को लेकर विचार विमर्श

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम से अनुमति प्राप्त होने के बाद भीतर प्रवेश करते हुए शीघ्रता से सेविका ने कहा, ÷क्षमा चाहती हूं राजकुमार...महाराज ने आपको तुरंत अपने मंत्रणा कक्ष में पहुंचने के लिए कहा है।

एक क्षण के लिए श्री राम सोच में पड़ गए फिर तत्क्षण जानकी जी से कहा कि वे पिता श्री से मिलने के लिए जा रहे हैं और वे तत्काल कक्ष से बाहर निकल पड़े।सीता जी उन्हें जाते हुए देखती रह गईं।

महाराज दशरथ अपने मंत्रणा कक्ष में अपने सिंहासन पर विराजमान हैं। श्री राम को कक्ष में प्रवेश करते हुए देखते ही महाराज दशरथ ने कहा, ÷आओ पुत्र!मैं बड़ी उत्सुकता से तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा था।÷

प्रणाम पिताजी!आपने मुझे स्मरण किया है।

आशीर्वाद राम!आओ बैठो।÷महाराज दशरथ ने स्नेहपूर्वक श्रीराम से कहा।

श्री राम अपने पिता महाराज दशरथ के आसन के बगल में एक और सिंहासन पर विराजमान हो गए।

पुत्र! मैंने तुम्हें एक बड़ा दायित्व देने का निर्णय किया है।

आज्ञा दीजिए पिताश्री!मैं उपस्थित हूं।

मैंने तुम्हारा राज्याभिषेक करने का निर्णय लिया है राम!

इतना बड़ा निर्णय पिताजी?... युवराज के रूप में न

नहीं पुत्र! केवल युवराज नहीं,अब तुम राजा के रूप में पदभार संभालोगे।कल पुष्य नक्षत्र में तुम्हारा राजा के पद पर अभिषेक होगा।÷ राजा दशरथ ने अपना निर्णय बताया।

श्री राम ने उत्तर दिया,÷अगर आपने निर्णय कर लिया है तो यह पूरी तरह से शिरोधार्य है पिताश्री! तथापि आपके होते हुए कोई दूसरा,चाहे वह आपका पुत्र ही क्यों न हो,राजा का पदभार कैसे ग्रहण कर सकता है? आप मुझे युवराज का दायित्व सौंपेंगे, तो इसे ग्रहण कर मुझे प्रसन्नता होगी। आपके राज्य अभिषेक की घोषणा में राजा के पद पर नहीं बल्कि युवराज के पद पर अभिषेक अधिक उपयुक्त होगा।÷ श्री राम ने अधिकारपूर्वक अपने पिता के समक्ष जिज्ञासा रखी।

राजा दशरथ ने स्पष्ट किया, ÷तुम राजपद के सर्वथा योग्य हो राम।तुम राजपद ग्रहण करोगे तो तुम्हारी सहायता के लिए संपूर्ण मंत्रीपरिषद होगी और स्वयं मैं भी समय-समय पर अपने सुझाव दिया करूंगा।÷

आपकी भावना प्रेरक और अनुकरणीय है पिताश्री! एक तरह से यह भावी राजाओं को एक संदेश है कि एक अवस्था के बाद अगर वे अनुभव करें कि अब उनसे राज्य की सेवा कुशलतापूर्वक नहीं हो सकेगी तो स्वेच्छतया वे अपना पद छोड़कर भावी पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त करें,पर यह बात आप पर लागू नहीं हो सकती है।÷

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -073

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिढ़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 072 का हल**



## सू- दोकू क्र.073



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं, और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.072 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### मोदी के शाह

खबर पढ़कर,
बानी बोले- ''गजाधर!
देवरिया की चुनावी सभा में
केन्द्रीय गृहमंत्री
अमित शाह ने कहा कि
चार जून को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन
की विशाल जीत का ऐलान होगा।
शाह ने आगे कहा गजाधर!
राहुल गांधी यह सुनकर
हार का ठीकरा ईव्हीएम पर फोड़ेंगे
और फिर परम्परागत तरीके से
विदेश घूमने चले जाएंगे।
तो गजाधर!
शाह की ऐसी भविष्यवाणी पर
आज आप अपने मन की बात बताएंगे?
गजाधर मुस्कराए, बोले - ''बानी! देखो,
गृहमंत्री मोदी के शाह हैं,
तो उन्हें बोलने का है अधिकार।
और फिर चार जून के पहले
तो वे कुछ भी बोल सकते है यार!''



- गिरीश बख्शी

## कविता

### कुछ कर गुजर

आसमाँ नापना हो गर, तो कुछ कर गुजर।
रसातल चीरना हो गर, तो कुछ कर गुजर।।

पर्वत लाँघना हो गर, तो कुछ कर गुजर।
सागर पार उतरना हो गर, तो कुछ कर गुजर।।

मुकाम पाना हो गर, तो कुछ कर गुजर।
अनवरत बढ़ना हो गर, तो कुछ कर गुजर।।

प्रेम-सद्भाव लाना हो गर, तो कुछ कर गुजर।
दुश्मनी मिटाना हो गर, तो कुछ कर गुजर।।

समता लाना हो गर, तो कुछ कर गुजर।
एकमत होना हो गर, तो कुछ कर गुजर।।


मंजिल की चाहत में, कुछ कर गुजर।
निपटना हो आफत से, तो कुछ कर गुजर।।

आपस में दूरियाँ मिटाकर, कुछ कर गुजर।
कंधे से कंधा मिलाकर, कुछ कर गुजर।।




महेन्द्र साहू ''खलारीवाला''
बालोद छ.ग.गुण्डरदेही

## राशिफल




**मेष**
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी गुम हुई पुरानी वस्तु आज वापस मिल जाएगी। इस राशि वाले लोगों को अपने जीवनसाथी से आज गिफ्ट मिल सकता है। जिससे आप दोनों के रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। आज दूसरों की बात भी अच्छे से समझने की कोशिश करें। इससे आपको लाभ मिलेगा। आप किसी जरूरतमंद की मदद भी कर सकते हैं।




**वृषभ**
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज किसी बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। इस राशि के लोग आज अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। नवविवाहित लोगो के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है।



**मिथुन**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित भी होगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें, बेहतर यही होगा की खुद पर विश्वास रखें। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगे।



**कर्क**
आज के दिन आपको धन लाभ होगा। आज पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह का निर्णय लेने से पहले बड़ों की सलाह जरुर लें। अपने ध्यान को केन्द्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें। इस राशि के स्टूडेंट्स किसी तरह का परीक्षा फॉर्म भी भर सकते हैं या इन्टरव्यू में जा सकते हैं।




**सिंह**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान रचनात्मक कार्यों की तरफ ज्यादा रहेगा। नया वाहन खरीदनें के लिए आज का दिन शुभ है। साथ ही घर की साज-सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीदारी करने के लिए भी आज का दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार है साथ में कही घूमने का प्लान बना सकते है।




**कन्या**
आज का दिन लकी है। आज के दिन की शुरुआत खुशहाल रहने वाली है। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज मेहनत और व्यवहार के कारण आपको धनलाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपके प्रभाव से पस्त रहेंगे। इस राशि के लोगों को आज पारिवारिक सुख और शांति का लाभ होगा।




**तुला**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आज अपने कार्यक्षेत्र में कामयाबी का परचम लहराएंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे। अगर आप नया वाहन खरीदने की सोच रहें है तो खरीद लें। व्यापार में आपको लाभ मिलने के आसार नजर आ रहें हैं।




**वृश्चिक**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी कार्य को पूरा करने का प्रयास सफल रहेगा। आज परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे और आपके आत्म-सम्मान में वृद्धि होगी। आज किसी व्यक्ति विशेष से आपको मदद मिल सकती है। रात को बाहर दोस्तों के साथ डिनर करने जाएंगे।




**धनु**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा। अगर किसी नए व्यापार की शुरूआत करना चाह रहें है तो आज शुरुआत कर सकते है। इस राशि के लोगों को अपने जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आप कहीं धार्मिक जगह पर जाने का मन बना सकते हैं।



**मकर**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी। इस राशि के लवमेट के लिए बढ़िया दिन है। आज भाग्य पूरी तरह से आपका साथ देगा।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल होने वाली है। साथ ही किसी विदेशी कंपनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। जिसे ज्वाइन करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज वाहन की पार्किंग सेफ जगह पर ही करें, वरना फाइन भरना पड़ सकता है।



**मीन**
आज आपका दिन आपके जीवन में नयी खुशियाँ लेकर आएगा। आपका रूझान आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे। मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है। घर में आज समय ज्यादा व्यतीत करेगें। पैसों से जुड़ी समस्या आज खत्म हो जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश पर मालवाहक वाहन पर सवारी भरकर ले जाने वाले वाहनों पर की जा रही प्रभावी कार्यवाही

## जिले में पिछले एक सप्ताह में कुल 121 मालवाहक वाहनों पर की गई चलानी कार्यवाही-07 वाहनों की जप्त कर न्यायालय पेश



खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय व अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले खैरागढ़ के मार्गदर्शन मे जिला केसीजी के समस्त थाना/चौकी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कार्यवाही करने समस्त वाहनों विशेष कर मालवाहक में यात्री परिवहन पर सख्ती करते हुए मालवाहक वाहनों के द्वारा अपनी गाड़ी में सवारी बिठाकर नियमों के विरुद्ध परमिट शर्तो के उलंघन कर भरकर ले जाते मालवाहक मे कार्यवाही करते हुए, पिछले एक सप्ताह में जिले के यातायात से-38 प्रकरण थाना खैरागढ़- 16प्रकरण, छुईखदान - 11प्रकरण, गंडई - 11, मोहगांव -08, साल्हेवारा -15, बकरकट्टा -03, गातापार -07, ठेलकाडीह -12, चौकी जालबांधा -07. कुल 121 प्रकरणों मे 42100 रूपये व माननीय न्यायालय पेश करने पर 7 प्रकरणो मे 10,000 रूपये( दस हजार) का अर्थदंड से दण्डित किया जा रहा है।।कार्यवाही करने के साथ लोगो मे जागरूकता लाने अभियान चलाकर समझाइस दिया जा रहा है।। मालवाहक मे सफर् न करते जान माल को सुरक्षित रखकर निर्धारित वाहन मे ही सफर करे और जो यातायात नियमो को नहीं मानने वाले है उन पर लगातार कड़ी से कड़ी कार्यवाही जारी रहेगा। जिला के.सी.जी. मे सड़क दुर्घटनाओ को रोकने पुलिस के साथ समस्त शासकीय विभागों, पत्रकार संघ एवं व्यापारी संघ के बीच सामंजस्य स्थापित कर व्यापक स्तर पर बैठक की गई। जिसमें सीसीटीवी कैमरा, ब्रेकर, रेडियम पट्टी, जेबरा क्रॉसिंग, आउटर में पार्किंग व्यवस्था, रोड निर्माण व चौड़ी करण, अतिक्रमण हटाने, शहरो के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश के समय मे प्रतिबंध करने जैसी अनेको योजना तैयार किया गया। जो जल्द ही पूर्ण करने निर्देशित किया है, चेकिंग एवं कार्यवाही लगातार बढ़ाई जाएगी ताकि मानव जीवन सड़क दुर्घटनाओं की दृष्टि से सुरक्षित रहे।

# मतगणना और परिणाम की घोषणा के पश्चात सामग्रियों को सीलिंग करने के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



मोहला (दावा)। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतो की गणना 4 जून को किया जाना नियत किया गया है। मतगणना और परिणाम की घोषणा के पश्चात निर्वाचन प्रक्रिया में उपयोग में आने वाले सभी प्रकार के सामग्रियों, सभी आवश्यक दस्तावेजों और लिफाफों को सहेज कर रखा जाना अति आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन सामग्रियों का उचित रखरखाव के निर्देश दिए गए हैं। कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट के साथ ही सभी सामग्रियों को सीलिंग किया जाकर एक निश्चित समय के लिए सहेज कर रखा जाएगा। एक निश्चित प्रक्रिया और विधि के साथ सभी सामग्रियों और दस्तावेजों को सीलिंग कर रखा जाना निश्चित किया गया है। निर्वाचन परिणाम की घोषणा होने के पश्चात सभी कंट्रोल यूनिट से पावर बैंक को निकाल कर, कंट्रोल यूनिट को संबंधित केयरिंग बॉक्स में रखा जाएगा। केयरिंग बॉक्स को पुनः सीलिंग किया जाएगा। सीलिंग के पश्चात इसमें रिटर्निंग अधिकारी का हस्ताक्षर होगा। सभी प्रकार की सीलिंग की प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरा और वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए किया जाएगा। सीलिंग कार्य के प्रशिक्षण के संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईडलाइन के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेजों को संभाल कर रखा जाएगा। इस कार्य के लिए नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को विधिवत प्रक्रिया के साथ जिम्मेदारी का निर्वहन करने निर्देशित किया गया है। जिला मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र सारस्वत, शाहिद कुरैशी, अजय तिवारी ने सीलिंग के संबंध में अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सीलिंग कार्य से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### 95 प्रतिशत अंक पाने वाली तारिणी साहू को कलेक्टर ने किया सम्मानित




डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतलाव की छात्रा कु. तारणी साहू/चोवाराम साहू को 94.66 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

छात्रा की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती वंदना चौरे व्याख्याता विद्यानंद डोंगरे, द्वारिका मण्डावी, नारद सिन्हा, अपोल एक्का, सुदेश चौरसिया, विवेक मेश्राम, डोमेश्वर साहू, चन्द्रहास साहू, श्रीमती लीना कुजुर, रामेश्वरी परिहार, अनिता नारनौरे, शारदा क्षत्रिय, खिलेश्वरी ठाकुर, काजल यादव ने बधाई दी।

### गर्मियों की छुट्टी में कौशल प्रशिक्षण

#### पिनकापार स्कूल के छात्र-छात्राएं ऑन जॉब ट्रेनिंग ले रहे






हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार के हेल्थ केयर के छात्र छात्राओं को प्राचार्य एच.आर. वर्मा के नेतृत्व में व्यवसायिक प्रशिक्षक तेजनारायण साहू के मार्गदर्शन में हेल्थ केयर ट्रेड कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं ने गर्मी छुट्टियां में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) खामतराई बालोद (छ.ग.) में ऑन जॉब ट्रेनिंग कर रहे है। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से संबंधित विषय के बारे में सिखाया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में बीपी, शुगर, तापमान जांचना, फर्स्ट स्टेट देना, ड्रिप लगाना, ड्रेसिंग करना, बेड मेकिंग सहित अन्य काम सीख रहे हैं। सभी व्यवसायिक शिक्षा हेल्थ केयर के विद्यार्थी हैं जहां ऑन जॉब ट्रेनिंग में नई-नई चीज सिखाकर रोजगार और स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिनकापार के प्रियंका मैडम (नर्स) एवं गौरव सर (फार्मासिस्ट) तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर खामतराई के स्वास्थ्य अधिकारी अंजना वैष्णव के सहयोग से यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# कलेक्टर ने ली जिला विकास संघर्ष समिति, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प वेंडरों की बैठक



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला विकास संघर्ष समिति, दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प वेंडरों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी का गठन होने के उपरांत शासकीय दर पर जमीनों की खरीदी-बिक्री की दर में बढ़ोतरी होने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए यह भी बताया कि विधिवत रूप से जमीनों की खरीदी-बिक्री के लिए पंजीयक कार्यालय में निर्धारित स्टांप पेपर के साथ शासन द्वारा निर्धारित दर पर पंजीयन होना आवश्यक है। कलेक्टर ने दस्तावेज लेखकों से कहा कि उच्चतम मूल्य के जमीनों की खरीदी-बिक्री के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की

**जमीनों की खरीदी-बिक्री की वैधता के संबंध में की चर्चा**

नोटरी के आधार पर उसे वैध नहीं माना जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि लैंड सीलिंग एवं पट्टे पर दी गई जमीन की असली मालिकाना हक जिसे दिया गया है, वही उसका असली मालिक होगा।

इस प्रकार की जमीनों कों जीवकोपार्जन के उद्देश्य से कृषि प्रयोजन के लिए दिया गया है। इस तरह की जमीनो का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता। यह नियम विरूद्ध है। इस तरह की जमीनों की नोटरी करने के दौरान इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट करते हुए बताया कि जमीनों की बिक्री के उद्देश्य से नोटरी एवं रजिस्ट्री दोनों में अंतर है। पंजीयक कार्यालय में जमीनों की रजिस्ट्री के बिना जमीनों की बिक्री को वैधानिक नहीं माना जाएगा।

बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी दस्तावेज लेखक लिखाई की दरें बैठक स्थल पर चस्पा करके रखने को कहा गया हैं। एंव स्टाम्प वेंडरों को प्रतिदिन स्टॉक स्टाम्प तालिका आमजनों को शुल्क के दरों के संबंध में किसी प्रकार का संशय ना हो इसलिए अपनी बैठक स्थल पर प्रदर्शित करें। यह भी बताया गया कि रजिस्ट्री के माध्यम से बिक्री की गई जमीन को निरस्त करने का अधिकार कलेक्टर को भी नहीं है, इसे केवल सिविल कोर्ट ही निरस्त कर सकता है।

# सुरगी हाईस्कूल के इलेक्ट्रॉनिक्स के विद्यार्थियों का व्यवसायिक ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरगी के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के विद्यार्थियों द्वारा ग्रीष्मकालीन ऑन जॉब ट्रेनिंग व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्राप्त की जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर प्रशिक्षक छत्रपाल देशमुख के निरीक्षण में हरि इलेक्ट्रॉनिक्स सुरगी में यह प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में कक्षा 9वी से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल है।

हरि इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक दुष्यंत साहू द्वारा विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित जानकारियां जैसे कूलर एवं पंखे की वाईडिंग करना, सोल्डरिंग आयरन से सोल्डरिंग करना, मिक्सर की मरम्मत एवं इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड एवं पैनलों का निर्माण के साथ-साथ अन्य दैनिक उपयोगी उपकरण संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण में संस्था के प्राचार्य एन.के. साहू, वीरेन्द्र टेंबुरकर एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक पंकज चंदेल का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# जिला केसीजी पत्रकार संघ अध्यक्ष के घर से कार की चोरी, पुलिस छान रही सीसीटीवी फुटेज

खैरागढ़ (दावा)। नवीन जिला केसीजी में बड़ रही अपराध की घटनाएं, वही इन दिनों लगातार हो रही हत्या व सड़क दुर्घटना को लेकर सुर्खियों में है तो वहीं अब जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष के घर से कार की चोरी हो गई। इस खबर से एक ओर जहां पुलिस के लिए एक और चुनौती है तो वहीं आम लोगों की नींद उड़ गई है,कि आम लोग भला कैसे सुरक्षित रहेंगे। मंगलवार-बुधवार 28-29 मई की मध्यरात्रि खैरागढ़ शहर के वार्ड नंबर 16 दाऊचौरा निवासी जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर के घर के अंदर खड़ी वैगनआर कार को चोर ले उड़े। गौर करने वाली बात यह रही कि चोर ने पहले घर की दीवार फांदकर घर के अंदर घुसे और खिड़की के पास रखी चाबी उठाई और गेट में लगे ताले को खोला, जिसके बाद वैगनआर क्रमांक सीजी-08/0320 को ड्राइव कर ले उड़े। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष के घर से इस तरह से कार चोरी होने की घटना ने पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। चोरी की इस घटना के बाद जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सहित संरक्षक व अन्य सदस्यों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे से मुलाकात कर चोरी के इस मामले को लेकर शिकायत की व चर्चा के दौरान सवाल भी उठाये कि जिला निर्माण के बाद से लगातार अपराधिक मामले बढ़े हैं, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे ने आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस पूरी मुस्तैदी से अपना काम कर रही है चोरी के आरोपी जल्द पुलिस के कब्जे में होंगे। इस दौरान जितेंद्र सिंह गौर, अनुराग शांति तुरे, यतेन्द्र जीत सिंह, आलोक श्रीवास, याहिया नियाजी, निलेश यादव, प्रशांत सहारे, साकेत श्रीवास्तव, नवदीप श्रीवास्तव, तुलेश सिन्हा सहित पत्रकार मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने निर्देशित किया है। जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 8 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07747-299136 है। इस दूरभाष नंबर पर कार्यालीन समय में प्राकृतिक आपदा के समय संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्रीमती प्रेमलता चंदेल का मोबाइल नंबर 7000835862 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में गजेंद्र कुमार मिर्ची सहायक ग्रेड 3 को राहत लिपिक के लिए नियुक्त किया गया है। इनका मोबाइल नंबर 8319471870 है। आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण 1 जून 2024 से आगामी आदेश पर्यन्त तक 24 घंटे क्रियाशील रहेगा।

# सुरगी में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में देवरी विजेता और डोंगरगढ़ उपविजेता

## महिला वर्ग में राजनांदगांव ( ए ) प्रथम और डोंगरगढ़ द्वितीय



सुरगी (दावा)। आदर्श गांव सुरगी में सांई क्लब द्वारा दानदाताओं एवं ग्रामवासियों के सहयोग से स्थानीय स्टेडियम में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 40 से अधिक टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम देवरी (बालोद) ने प्राप्त किया। जिसे दस हजार रुपए पुरस्कार के रुप में एवं शील्ड प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान पर धर्म नगरी डोंगरगढ़ की टीम रही जिसे सात हजार रुपए ईनाम दिया गया। तृतीय पुरस्कार पांच हजार रुपए था था जिसमें बम्हनी को दिया गया। चौथा ईनाम तीन हजार रुपए था जिसे मेंढ़ा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5,000 रुपया था जिसमें राजनांदगांव ए टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार चार हजार रुपए था जिसे धर्मनगर डोंगरगढ़ की टीम ने हासिल की। तीसरा स्थान राजनांदगांव को तीन हजार रुपए और चौथा स्थान डोंगरगढ़ को दो हजार रुपए पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इस स्पर्धा में कुछ नेशनल प्लेयर के भी खिलाड़ी भाग लिए थे जो विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरपंच आनंद साहू, उपसरपंच शनी साहू, लोक दास साहू, ओमप्रकाश साहू अंकुर, नंदू साहू, उमेश साहू, रामचंद्र निषाद, तेज मटियारा, चंद्रप्रकाश, राजेंद्र साहू, गुणेश निषाद, सुनील सिन्हा, पीतांबर कतलाम, गोपाल यादव हेमनाथ साहू, नीलू सिन्हा इत्यादि लोग मंचस्थ थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांई क्लब सुरगी के अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष शिव ढीमर, कप्तान विकास सिंह, सचिव चुम्मन साहू, उप कप्तान मोहित निषाद पिंटू साहू एवं विशेष सहयोग सांई क्लब के साथ ही मातोश्री क्लब, जय बजरंग क्रीड़ा मंडल एवं ग्राम वासियों का रहा इस पारंपरिक खेल प्रतियोगिता के प्रति लोगों में गजब का उत्साह था और लोग स्थानीय स्टेडियम में देर रात्रि तक प्रतियोगिता का आनंद उठाते रहे और खिलाड़ियों और आयोजक मंडल का उत्साह वर्धन किया।

# जैव विविधता दिवस सप्ताह पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया



बांधाबाजार (दावा)। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने हेतु जैव विविधता का संरक्षण संवर्धन प्रबंधन हेतु समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था ग्राम दक्कोटोला, तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ राज्य ने 26 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस सप्ताह वनांचल के ग्राम मरदेल ग्राम पंचायत उरवाही तहसील मोहला में मनाया गया। चुकी यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष 22 मई को मनाया जाता था लेकिन इस वर्ष व्यस्तता के कारण 26 मई को सप्ताह के रूप में मनाया गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उरवाही के सचिव(मुख्य अतिथि) बक्शू राम मांझी ग्राम पटेल(अध्यक्ष) के रूप में उपस्थित थे। सभी ग्रामीणों ने इनका करतल ध्वनि स्वागत किया गया। प्रस्तावित भाषण संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा मोहुर्ले ने जैव विविधता दिवस सप्ताह के अवसर जैव विविधता के संरक्षण संवर्धन प्रबंधन पर मार्गदर्शन किया कि मानव का जीवन केवल भोजन पर निर्भर नहीं है। तथा पर्यावरण संतुलन केवल वन पर निर्भर नहीं है। इनके साथ में रहने वाले असंख्य प्राणी जीव जंतु, जड़ी बूटी, पेड़ पौधे की महत्त्व पूर्ण भूमिका होती हैं जो पर्यावरण को संतुलित बनाते है। उनके संरक्षण, संवर्धन प्रबंधन करने की जरूरत है। लोगो में जन जागृति लाने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ग्रामपंचायत के सचिव महोदय ने पारंपरिक बीज संग्रहण एवं सामुदायिक वन संसाधन के प्रबंधन को लेकर मार्गदर्शन किया। पश्चात ग्राम पटेल श्री बुक्शु राम मांझी ने पारंपरिक सीमा के अंतर्गत उपलब्ध संसाधन के प्रबंधन पर अनेक पारंपरिक गतिविधि की जानकारी दिया गया। ताकि आज उसकी आवश्यकता है। जो हमारे लिए टिकाऊ होगी। हमे सरकार के उपर निर्भर रहकर कार्य करना उचित नहीं है। सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन के अधिकार में भी पारंपरिक सीमा का उल्लेख किया गया है। हमारे दौर में जल जंगल जमीन का प्रबंधन हम और हमारे पूर्वज करते थे। लेकिन आज श्रमदान का महत्त्व खतम हो गया है। इसी क्रम में संस्था के समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने पारंपरिक खेती अंतर्गत धान की पुरानी प्रजाति विलुप्त के कगार पर है। सब लोग अधिक उत्पादन तथा विकाश की बात करते है ।हमारी कृषि घाटे में जा रहा है। हर वर्ष नया बीज, जरूरत से ज्यादा खाद खरीद रहे है फसल में किट व्याधि हो रही हैं। बेमौसमी बारिश होना तथा वर्षा का कम होना। इससे घाटे की खेती हो गई है। गांव मे गाय बैल नही तो गोबर कहा से मिलेगा। किसान संकट के दौर से गुजर रहा है फिर भी समझ नहीं पा रहा है। लोग को समझने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। वनांचल के वन क्षेत्र में कोरिया पेड़ की संख्या बहुतायत है पर उसका उपयोग लोग जलाऊ लकड़ी या बाड़ी रूधने के उपयोग में लाते है उसके फुल का उपयोग कोई नही जानते है। जबकि कोरोना काल में लोग कोरिया फूल की सब्जी बनाकर अपना जीवन व्यापन किए हैं। समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था की अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा मोहुर्ले ने लोगो के बीच कोरिया फूल की सब्जी बनाकर खिलाया। लोग प्रसन्न हुए तथा इस सब्जी के गुण धर्म को भी बताया गया है। इसकी सब्जी बनाकर खाने से पेट व्याधि रोग दूर हो जाते है। इस तरह से लोगो की आजीविका वन संसाधन पर निर्भर करने तथा इस प्रजाति का संरक्षण करनें हेतु कार्य किया गया। इस अवसर पर मिट्टी के सीड बाल बनाने की विधि सिखाई गई है। ताकि लोगो खेत खलिहान या वनों में पेड़ पौधे उगाने का वैज्ञानिक तरीका सिखाया गया है। गांव में पैदा किए जाने वाले पारंपरिक बीजों की प्रदर्शनी भी लगाया गया था। लोगो से जानकारी लिया गया की गांव से कौन कौन से पारंपरिक बीज विलुप्त हो गया है। उन्हे कैसे वापिस लाया जाय। इस पर प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को सिखाया गया। अनाज कोष की तरह गांव में सामुदायिक महुआ बैंक बनाकर गांव की आयस्रोत बड़ाने का कार्य किया गया। गांव में आज लोगो ने 2किवंटल 50 किलो ग्राम महुआ सामुदायिक रूप से महुआ बैंक में जमा किया गया है। संस्था के इस आयोजन को सफल बनाने गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा ग्राम वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव श्री अर्जुन मंडावी, सहदेव कोरेटी, भगत राम मांझी, बाजीराम हारमे, फुलसिंह हारमे, सियाराम चनापे की प्रमुख उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ है । कार्यक्रम का संचालन जयदेव मोहुर्ले ने किया आभार प्रदर्शन अर्जुन मंडावी ने किया।

# स्काउट गाइड कर रहे बेजुबान पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था



छुरिया (दावा)। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के आदेशानुसार जिला संगठन आयुक्त मयुख श्रीवास्तव एवं जिला सचिव देवेन्द्र अंबादे के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुरिया प्रशान्त चितवर्कर और डेहर साहू, विकासखण्ड स्काउट गाइड सचिव के निर्देशन में छुरिया विकासखंड के रोवर रेंजर्स के द्वारा अपने-अपने घर की छतों एवं पेड़ पौधों की छाया में बेजुबान पशु पक्षियों के दाना पानी की व्यवस्था के लिए विभिन्न प्रकार का जुगाड़ निरंतर किया जा रहा है। इस प्रकार ये बच्चे स्काउट गाइड के पांचवे नियम को सार्थक कर रहे हैं जिसमें कहा गया है कि स्काउट गाइड पशु पक्षियों का मित्र और प्रकृति प्रेमी होता है। उनके कार्यों से प्रेरित होकर गाँव के अन्य बच्चे और ग्रामीण भी अब अपने अपने घरों के आसपास इसी प्रकार की व्यवस्था बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए करने लगे हैं।

छुरिया विकासखंड के स्काउट गाइड प्रभारी डेहर साहू ने छुरिया ब्लॉक के सभी स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षकों को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया है और अपील की है कि इसी प्रकार नेक कार्य करते हुए इस गर्मी की छुट्टी को सार्थक करें और हमेशा की तरह अन्य बच्चों के लिए भी परोपकार का उदाहरण प्रस्तुत करें।

# पहला कॉलम...

## रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के पीछे साजिश से ईरान का इनकार

तेहरान। ईरान ने तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के पीछे किसी साजिश से इनकार किया है। गत 19 मई को हुए इस हादसे में रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियान समेत हेलीकॉप्टर में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई थी।

आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, ईरानी सेना के जेनरल स्टाफ ने बुधवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर अपनी दूसरी रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर के मलबे की जांच, और फ्यूजलेज से जिस दूरी पर तथा जिस प्रकार मलबा बिखरा हुआ था, उससे उड़ान के दौरान या पहाड़ से हेलीकॉप्टर के टकराने से कुछ क्षण पहले साजिश के तहत विस्फोट की संभावना खारिज हो जाती है।

इसमें कहा गया है कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर का कोई निशान नहीं मिला है। हालांकि, ईस्ट अजरबैजान प्रांत की राजधानी तैबरीज की ओर वापसी के रास्ते में मौसम कैसा था, इसके लिए अभी और जांच की जरूरत है।

सूत्रों ने बताया कि रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलीकॉप्टर पर यात्रियों और उपकरणों का कुल वजन उड़ान भरते समय तथा उड़ान के दौरान अधिकतम सीमा के अनुपात में था।

इसके अलावा हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 69 सेकंड पहले तक हेलीकॉप्टर के चालक दल के सदस्य खास फ्रीक्वेंसी पर संपर्क में थे जिससे संपर्क में बाधा या फ्रीक्वेंसी में इंटरफेंस की संभावना खारिज हो जाती है। ईरानी सेना के जनरल स्टाफ की जांच समिति की पहली रिपोर्ट 23 मई को जारी की गई थी।

## गाजा-मिस्र सीमा पर इजरायली सेना ने खोजी 20 सुरंग

तेल अवीव। इजरायली सेना ने गाजा-मिस्र सीमा की प्रमुख सड़कों पर अपना नियंत्रण कर लिया है। इसे फिलाडेल्फी क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। साथ ही 20 सुरंगों की खोज भी की है, जिनका इस्तेमाल सीमा पार तस्करी के लिए किया जाता था।

यह जानकारी इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने बुधवार रात दी। उन्होंने कहा कि सीमा पर कई रॉकेट लांचर पाए गए।

आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा कि नई कब्जे वाली भूमि की पट्टी गाजा-मिस्र सीमा पर 14 किलोमीटर तक फैली हुई है। इसके जरिए हथियारों की तस्करी की जाती थी।

हगारी ने कहा कि खोजी गई 20 सुरंगों में से कुछ के बारे में इजरायली सेना को पहले से ही पता था, बाकी अन्य की खोज अभी की गई।

प्रवक्ता ने कहा कि सुरंगों में जाने वाली 82 टनल शाफ्ट नए कब्जे वाले सीमा क्षेत्र में स्थित हैं।

आईडीएफ ने कहा कि उनके सैनिक गलियारे के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण कर रहे हैं, लेकिन एक छोटे से हिस्से पर हवाई निगरानी रखी जा रही है।

इजरायल रक्षा बलों के प्रवक्ता ने बयान में यह भी कहा कि हमास के आतंकवादियों ने मिस्र की सीमा के पास रॉकेट लांचर तैनात किए थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि इजरायल उन पर गोली नहीं चलाएगा और वे मिस्र के क्षेत्र में पहुंच जाएंगे।

हगारी ने कहा, हमास ने फिलाडेल्फी क्षेत्र का फायदा उठाया और मिस्र की सीमा से कुछ ही मीटर की दूरी पर अपना बुनियादी ढांचा बनाया, ताकि हम वहां हमला न कर सकें।

## अदालत ने नौ मई, 2023 के दंगों से जुड़े दो मामलों में इमरान खान को बरी किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को बरी कर दिया. पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था. पीटीआई संस्थापक के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी.

अदालत ने खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा, चूंकि अभियोजन द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक को बरी किया जाता है. खान को 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया था.

न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया.

# विराट कोहली मानसिक रूप से बहुत मजबूत है: शेन वॉटसन

नई दिल्ली। एक खिलाड़ी के जीवन में उसका मानसिक रूप से मजबूत रहना काफी महत्वपूर्ण है। इसी का जिक्र करते हुए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने कहा कि भारतीय क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली और एमएस धोनी उनकी नजर में मानसिक रूप से सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

विराट कोहली के लिए आईपीएल 2024 शानदार रहा। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए इस सीजन 741 रन बनाए और ऑरेंज कैप पर अपना कब्जा भी जमाया।

अब वे 1 जून से शुरू होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में भारत के लिए खेलते नज़र आएंगे।

हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर्स इंडिया द्वारा लॉन्च की गई अपनी नई किताब द विनर्स माइंडसेट के मौके पर वॉटसन ने कहा, जिन लोगों के साथ मैंने खेला है, मैं किसी एक का नाम नहीं लूंगा लेकिन मुझे यह पता है कि जिन उच्च-गुणवत्ता वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ मैंने काम






किया है, जैसे कि दिल्ली कैपिटल्स में मैंने जो चीजें देखी हैं। हर मैच में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की उनकी क्षमता और यह जानना कि उनका सर्वश्रेष्ठ संस्करण कैसा दिखता है, इसलिए वे हर बार उसी के अनुसार आगे बढ़ते हैं।

वॉटसन ने विराट कोहली का जिक्र करते हुए कहा, एक विराट कोहली हैं, जो मानसिक रूप से बहुत मजबूत हैं। वह पूरी तरह से समझते हैं कि खुद का सर्वश्रेष्ठ कैसे लाया जाए, लगभग हर मैच में वह जो तीव्रता लाते हैं, वह सराहनीय है।

वास्तव में ऐसे कुछ ही अन्य लोग हैं जिनके साथ मैंने खेला है या जिनके खिलाफ खेला है, जिनके पास हर मैच के हर पल में लगातार तीव्रता थी। इसलिए विराट के बारे में यह कुछ ऐसा है, जिसे हमने इस आईपीएल में देखा है, कि वह कितने व्यस्त हैं।

इसी वजह से वह इतने लंबे समय तक इतना अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम रहे हैं। दूसरी ओर, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी ने इस सीजन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 14 पारियों में 161 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 13 छक्के लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना शामिल है।

एमएस धोनी, विराट से उस तीव्रता के विपरीत हैं। उन्हें अपनी तीव्रता के स्तर के साथ 10 में से 9 की तरह होने की जरूरत नहीं है; उन्हें लगभग छह पर होने की जरूरत है। लेकिन उन्हें उस तरह की क्लास में रहने की जरूरत है जहां वह अभी भी पूरी तरह से लगे हुए हैं और अपनी रणनीति पर भरोसा कर रहे हैं क्योंकि यह पहले से कहीं ज्यादा अच्छा है।

42 साल की उम्र में भी, वह अभी भी जानता है कि अपने दिमाग को कैसे मुक्त रखना है ताकि वह अपने उन कौशलों तक पहुंच सके जो इतने गहरे तक समाहित हैं। इसलिए, एमएस धोनी, सूचना और अपने आस-पास की दुनिया की उनकी समझ, उनकी महाशक्तियों में से एक है।

वॉटसन ने कहा, यही कारण है कि वह इतने सफल लीडर बनने में सक्षम हैं क्योंकि वह जानते हैं कि खिलाड़ियों को सही समय पर कैसे सही निर्देश दिया जाए, चाहे वह खेल में हो या खेल की अगुवाई में। लेकिन फिर यह उनके लिए खुद के लिए ऐसा करने के बारे में भी है। इसलिए मेरे लिए यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह अब भी डेथ ओवर्स में दमदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। लेकिन आप देख सकते हैं कि कीपिंग के नजरिए से, वह अभी भी उतना ही अच्छा खेल रहा है जितना पहले था। इसलिए कोहली और धोनी मौजूदा खिलाड़ियों के मामले में मेरे लिए सबसे अलग हैं।

2012 के पुरुष टी20 विश्व कप में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले वॉटसन का मानना है कि मानसिक तैयारी विभिन्न खिलाड़ियों को भारत में आईपीएल की परिस्थितियों से लेकर वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले शोपीस इवेंट के लिए अनुकूल बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगी।

# इगा स्वियाटेक ने मैच अंक बचाकर नाओमी ओसाका को हराया

पेरिस। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने निर्णायक सेट में 0-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 5-3 के स्कोर पर मैच अंक बचाते हुए नाओमी ओसाका को हराकर बुधवार को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।



दो चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेताओं के बीच मुकाबले में शीर्ष वरीय स्वियाटेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-5 से बराबर किया और कोर्ट फिलिप चैटरियर की छत के नीचे 7-6(1), 1-6, 7-5 से जीत हासिल की।

स्टेडियम की छत पर बारिश की बूंदें गिर रही थीं और इसने अन्य कोर्ट पर मैचों में बाधा डाली। पोलैंड की स्वियाटेक को दूसरे राउंड के टेस्ट में पूर्व नंबर एक ओसाका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। अपनी बेटी के जन्म के बाद वापसी के पांचवें महीने में ओसाका ने स्वियाटेक के माथे पर पसीना ला दिया।

संघर्षपूर्ण और रोमांचक मैच, जो चैंपियनशिप फ़ाइनल होने का अहसास दे रहा था, में विश्व रैंकिंग में 134 वें नंबर की खिलाड़ी जापानी स्टार ओसाका ने 2019 जैसा प्रदर्शन किया, जब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था और विश्व में नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी। लेकिन अंत में स्वियाटेक ने अपनी बची ऊर्जा का इस्तेमाल किया और विजेता बनीं।

यह स्वियाटेक की रौलां गैरो में लगातार 16वीं जीत है जो जस्टिन हेनिन के 2005-10 के बीच लगातार 24 मैच जीतने के बाद सर्वाधिक है। स्वियाटेक की यह इस वर्ष की लगातार 14वीं जीत है।

ओसाका ने ज्यादा अंक जीते, ज्यादा विनर्स लगाए और ज्यादा सर्विस ब्रेक हासिल किये लेकिन स्वियाटेक ने तब अंक हासिल किये जब ज्यादा जरूरत थी।

पहले दो सेट बांटने के बाद ओसाका ने निर्णायक सेट में 3-0 की बढ़त बनायी और 5-3 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रही थीं। लेकिन 30-30 के स्कोर पर वह अपना फोरहैंड नेट में मार बैठीं और फिर बैकहैंड हवा में उछाल बैठीं। स्वियाटेक के दूसरे ब्रेक अंक पर ओसाका ने आसान बैकहैंड को बाहर मार दिया और मैच वापस सर्विस पर लौट आया।

ओसाका अंत में मैच समाप्त नहीं कर सकीं। ओसाका ने 5-5 के स्कोर पर सर्विस करते हुए कुछ थके हुए फोरहैंड लगाए और डबल फाल्ट कर स्वियाटेक को 6-5 की बढ़त दे दी।

12वें गेम में स्वियाटेक ने बैकहैंड क्रॉसकोर्ट विनर लगाकर 40-15 की बढ़त बना ली। ओसाका की एक और बैकहैंड गलती ने उन्हें हार झेलने के लिए मजबूर कर दिया।

इस बीच तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने पूर्व रौलां गैरो सेमीफाइनलिस्ट तमारा जिदानसेक को एक घंटे 31 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

# बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वालीफायर: सचिन, संजीत पेरिस में जगह पक्की करने के करीब

बैंकॉक। भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर की ओर एक और कदम बढ़ाया। उन्होंने गुरुवार को बॉक्सिंग वर्ल्ड क्वालीफायर के अगले दौर में पहुंचने के लिए अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर जीत दर्ज की।

सिवाच ने प्री-क्वार्टरफाइनल राउंड में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टी पर 5-0 की शानदार जीत के साथ भारत के लिए शुरुआत की। इसके बाद संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुइस सांचेज के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज की।

57 किग्रा वर्ग में केवल तीन मुक्केबाज ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाएंगे, इसलिए सिवाच को अपनी जगह बनाने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे, जबकि संजीत का लक्ष्य भी यही होगा।

अनुभवी मुक्केबाज के खिलाफ, सिवाच ने राउंड 1 में पूरी ताकत से मुकाबला किया और यह रणनीति भारतीय मुक्केबाज के लिए सफल हुई क्योंकि उन्होंने बहुत जल्दी ही मुकाबले पर नियंत्रण हासिल कर लिया।

उन्होंने राउंड 2 में भी सर्वसम्मति से जीत हासिल की। हालांकि तीसरे और अंतिम राउंड में सिफ्टी ने वापसी करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय मुक्केबाज अंत में बहुत सहज थे।

संजीत और सांचेज के बीच 92 किग्रा का मुकाबला भी इसी तरह का रहा, क्योंकि 2021 एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता ने राउंड 1 में अपने वेनेजुएला के प्रतिद्वंद्वी को एक भी मौका नहीं दिया।सांचेज ने राउंड 2 और 3 में कुछ चमक दिखाई, लेकिन अनुभवी संजीत ने उन्हें दूर रखा और काउंटर अटैक पर अपने मुक्कों से आसानी से जीत हासिल की।

# इस्लामिक स्टेट ने न्यूयॉर्क में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट विश्व कप मैच को लेकर दी बड़ी धमकी

न्यूयॉर्क। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अगले महीने न्यूयॉर्क में होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप क्रिकेट मैच के खिलाफ एक धमकी जारी की है। इसके बाद यहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा कि उन्होंने न्यूयॉर्क पुलिस को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, जिसमें कानून प्रवर्तन की मौजूदगी बढ़ाना, निगरानी और गहन जांच प्रक्रिया शामिल है।

न्यूयॉर्क शहर की सीमा पर स्थित नासाउ काउंटी के प्रमुख ब्रूस ब्लेकमैन ने कहा, हम हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम सभी सावधानियां बरत रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम हर धमकी को गंभीरता से लेते हैं। हर खतरे के लिए एक ही प्रक्रिया है। हम खतरों को कभी कम नहीं आंकते। हम अपने सभी सुरागों का पता लगाते हैं।

इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन को आईएसआईएस के नाम से जाना जाता है। इसने ब्रिटिश चैट साइट पर क्रिकेट स्टेडियम की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके ऊपर ड्रोन उड़ रहे थे, जिस पर भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख 9/06/2024 लिखी हुई थी।

पोस्ट का स्क्रीनशॉट एनबीसी न्यूयॉर्क टीवी की एक समाचार रिपोर्ट पर प्रसारित किया गया।

न्यूयॉर्क के अधिकारियों ने आईएसआईएस पोस्ट को कोई ख़ास तवज्जो नहीं दी और इसे कम करके आंका। हालांकि उन्होंने कहा कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। सुरक्षा उपायों को बढ़ा रहे हैं और किसी भी स्थिति के लिए संसाधन जुटा रहे हैं।



होचुल ने कहा, हालांकि इस समय कोई सार्वजनिक सुरक्षा खतरा नहीं है, हम स्थिति पर बारीकी से नज़र रखना जारी रखेंगे।

उन्होंने कहा, मेरा प्रशासन संघीय कानून प्रवर्तन और नासाउ काउंटी के साथ महीनों से काम कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि न्यूयॉर्क के लोग और यहां आने वाले लोग सुरक्षित रहें।

नासाऊ काउंटी के पुलिस आयुक्त पैट्रिक राइडर ने कहा कि अभी तक, कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है, लेकिन उनका विभाग स्थिति पर नजर रखे हुए है।

क्रिकेट स्टेडियम की क्षमता 30,000 है। यह विशेष रूप से टूर्नामेंट के लिए बनाया गया है।

टी20 वर्ल्ड कप 1 जून को भारत और बांग्लादेश के बीच एक प्रदर्शनी मैच के साथ शुरू होगा, जिसके बाद 3 जून से नियमित टूर्नामेंट मैच शुरू होंगे।

एनबीसी न्यूयॉर्क ने कहा कि विश्व कप आयोजन के लिए सुरक्षा की तैयारियां नासाऊ काउंटी द्वारा अब तक की सबसे बड़ी तैयारियां हैं और इसे अमेरिकन प्रेसिडेंशियल डिबेट के बराबर माना जा रहा है।

ब्रिटिश अखबार एक्सप्रेस ने सबसे पहले इस खतरे के बारे में बताया। उसने कहा कि ऐसा ही खतरा यूरोप में खेल आयोजनों के खिलाफ भी था।

इसने कहा कि आईएसआईएस के फ़ॉलोअर्स को क्रिकेट विश्व कप सहित प्रमुख आयोजनों को निशाना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ब्रिटिश वेबसाइट मैट्रिक्स पर पोस्ट किए गए चैट ग्रुप पर एक्सप्रेस ने कहा, फोरम पर इस बात पर भी चर्चा हुई कि आतंकवादी समूह को यूरोप में प्रमुख खेल आयोजनों में नागरिकों की हत्या करने के लिए विस्फोटकों से लदे ड्रोन का उपयोग कैसे करना चाहिए।

एक्सप्रेस ने कहा, स्टेडियम की धमकियों को साझा करने वाले चैट रूम के सदस्यों ने एके 47 राइफल से फायरिंग सहित अपने आतंकी कौशल बताए, और पाउंड स्टर्लिंग में धनराशि पर चर्चा की, जिससे पता चलता है कि इसके कुछ लोग ब्रिटेन में हो सकते हैं।

***0 जम्मू में बड़ा हादसा... यात्रियों से भरी यूपी....***

रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही।

**57 घायल जीएमसी जम्मू रेफर**

अस्पताल में हादसे की खबर के साथ ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों के पहुंचने के साथ ही यहां उपचार शुरू कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी जम्मू रेफर किया गया। जीएमसी जम्मू में डॉक्टरों की अलर्ट टीम ने मोर्चा संभालते हुए पहुंचे हुए घायलों का तुरंत इलाज शुरू कर दिया।

***0 कन्याकुमारी पहुंचे पीएम मोदी...***

लोकसभा चुनाव की समाप्ति के बाद भी पीएम मोदी की यह कन्याकुमारी यात्रा एक तरफ जहां तमिलनाडु के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता एवं प्रेम को व्यक्त करता है, वहीं इससे यह भी पता लगता है कि विकसित भारत और 2047 के अपने संकल्प को लेकर वह कितने गंभीर और प्रतिबद्ध है। वह कन्याकुमारी में ध्यान लगाकर देशवासियों को राष्ट्रीय एकता का संदेश भी देना चाहते हैं।

हालांकि, यह कोई पहला मौका नहीं है, जब पीएम मोदी चुनाव प्रचार अभियान के अंत के बाद किसी आध्यात्मिक यात्रा पर जा रहे हो। पीएम मोदी इससे पहले भी इस तरह की विशेष आध्यात्मिक यात्राओं पर जाते रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2019 में पीएम मोदी ने देवभूमि उत्तराखंड के केदारनाथ जाकर गुफा में ध्यान किया था और वर्ष 2014 में शिवाजी के प्रतापगढ़ का दौरा किया था।

***0 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने जा रही है'....***

रायबरेली में हजारों कार्यकर्ताओं के दो सम्मेलनों को भी संबोधित किया। चुनाव अभियान के दौरान प्रियंका ने 100 से अधिक मीडिया बाइट्स, 5 प्रिंट मीडिया इंटरव्यू, 1 टीवी इंटरव्यू भी दिए।

बता दें कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का मुख्य मुद्दा गरीब परिवारों की महिलाओं और अप्रेंटिसशिप कार्यक्रमों के तहत युवाओं को सालाना 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देना रहा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस बार केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से चुनावी मैदान में हैं। सातवें और अंतिम चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 लोकसभा सीटों पर 1 जून वोट डाले जाएंगे, जिनमें पंजाब की 13, उत्तर प्रदेश की 13, ओडिशा की 6, बिहार की 8, पश्चिम बंगाल की 9, हिमाचल प्रदेश की 4, झारखंड की 3 और चंडीगढ़ की एक सीट पर मतदान होगा।

***0 जून से महंगी होगी बिजली : प्रति यूनिट .....***

आखिरी बार बिजली दर में बढ़ोत्तरी 13 अप्रैल 2022 को की थी। वर्ष 2023 में चुनावी साल होने की वजह से बिजली दर में बढ़ोतरी नहीं की थी। इस वर्ष लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद नया टैरिफ जारी करके छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग के जिम्मेदार बढ़ोतरी करेंगे।

***0 लोकसभा के सातवें एवं अंतिम चरण का चुनाव प्रचार थमा....***

सातवें चरण में 57 लोकसभा सीटों पर 904 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट के लिये मतदान कराया जायेगा। इसके अलावा ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों के चुनाव के अंतिम

## प्रथम पेज का शेष

चरण में 42 सीटों पर मुकाबला सत्तारूढ बीजू जनता दल (बीजद), भाजपा और कांग्रेस के बीच है। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले, दूसरे और तीसरे चरण में 13 मई को 28 और 20 मई को 35 और 25 मई को 42 सीटों पर वोट डाले गये थे।

सातवें एवं अंतिम चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर 144, पंजाब की 13 सीटों पर 328, पश्चिम बंगाल की नौ सीटों के लिये 124, बिहार की आठ सीटों पर 134, ओडिशा की छह सीटों पर 66, हिमाचल प्रदेश की चार सीटों पर 37, झारखंड की तीन सीटों पर 52 और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। सात चरणों में कराये जा रहे लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा। नतीजे चार जून को आयेंगे।

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, अनुराग ठाकुर, रवि किशन, रविशंकर प्रसाद, संजय टंडन, कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, अजय राय, तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद होगा। इस चरण के चुनाव के लिये 57 सीटों के लिये कुल 2105 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 954 और नामांकन पत्र वापस लेने के बाद चुनावी मैदान में 904 उम्मीदवार शेष रह गये हैं।

लोकसभा की कुल 543 सीटों में से 486 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102 सीटों 66.14 प्रतिशत, दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71, तीसरे चरण में 93 सीटों पर 65.68, चौथे में 96 सीटों पर 67.71 प्रतिशत, पांचवें में 49 सीटों 62.20 प्रतिशत और छठे चरण में 58 संसदीय सीटों पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ है।

सातवें एवं अंतिम चरण में एक जून को मतदान कराये जायेंगे। चुनाव परिणाम चार जून को आयेंगे। इससे पिछले लोकसभा चुनाव में सातवें चरण में 57 सीटों पर कुल 65.29 प्रतिशत वोट पड़े थे। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 78.80 प्रतिशत मतदान हुआ था। बिहार में सबसे कम 51.37 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

***0 पीएम मोदी की लीडरशिप में भाजपा को ...***

प्रतिनिधित्व की कुल संख्या की चर्चा है। ये हैरानी की बात नहीं कि बीजेपी गैर-जाटव दलितों को लुभाने की कोशिश करती है, जो बीएसपी के पारंपरिक वोटर हैं या यदुवंशियों के एक हिस्से को, जो पारंपरिक तौर पर सपा के वोटर रहे हैं।

2014 में, भारत के सबसे घनी आबादी वाले राज्य यूपी में बीजेपी को 80 में 70 से ज्यादा सीटें मिलीं। 2019 में जब सपा-बसपा एक होकर लड़े थे, तब भी बीजेपी 60 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। यही कहानी राज्य दर राज्य दोहराई जा रही है। कुछ राज्यों में पार्टी कामयाब है, कुछ में नहीं। लेकिन हा ये कहना कि प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति बीजेपी के लिए एक तरह से जीत की गारंटी मानी जाती है।

***0 महंगाई दर में आगे और आएगी गिरावट....***

तनाव और वैश्विक वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल के कारण मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए ÷वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई के 4.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। आरबीआई ने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए मौजूदा मौद्रिक रुख बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया है। आरबीआई को खुदरा महंगाई को दीर्घावधि में चार प्रतिशत के आसपास और आम तौर पर दो प्रतिशत से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी दी गई है।

***0 रायपुर IIM में लगेगी साय सरकार के मंत्रियों ...***

टीम प्रबंधन के लिए अनुभवात्मक गतिविधि की क्लास के बाद मंत्रियों के पहले दिन की पढ़ाई पूरी होगी।

मंत्रियों के क्लास के दूसरे और अंतिम दिन की शुरुआत योगा से होगी। पीटीएस माना के एसपी आरके मिंज योग कराएगें। क्लास की शुरुआत सुशासन के लिए प्रौद्योगिकी एवं डेटा विश्लेषण विषय से होगी। बीआईएसएजी गांधीनगर के निदेशक टी. पी. सिंह इस विषय पर मंत्रियों का ज्ञानवर्धन करेगें। इसके बाद सुशासन की होगी।

जी 20 शेरपा के अमितभा कांत सुशासन से रूपान्तरणः शासन सुधार एवं अभिसरण के माध्यम से परिवर्तन विषय पर मंत्रियों के साथ चर्चा करेगें। नीति आयोग के प्रो. रमेश चंद कृषि सेक्टर पर बात करेगें तो अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहार सामाजिक क्षेत्रः शिक्षा पर चर्चा करेगें।

इसके बाद बात लोक सेवा से लोक कल्याणः लोक सेवा में नेतृत्व विषय पर गुरु गौरांग दास तो संचार एवं मीडिया प्रबंधन पर दूरदर्शन के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक प्रो. बृज बख्शी और अंत में जन कल्याण से सर्वोदयः जीवन को आसान बनाने की दिशा में विषय पर आईसीसीआर के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे मंत्रियों से बात करेंगे।

# टूथपेस्ट का ऐसे करें इस्तेमाल, कुछ दिनों में गोरे दिखने लगेंगे आपके घुटने और कोहनी



त्वचा में नमी न होने की वजह से त्वचा रूखी होकर काली पड़ने लग जाती है. कभी-कभी घुटने और कोहनी बहुत ज्यादा काले दिखने लगते हैं, जो शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं. काले घुटने की वजह से अक्सर लोग शॉर्ट कपड़े नहीं पहन पाते हैं, तो वही कोहनी के कालेपन की वजह से लोगों को हाफ और स्लीवलेस कपड़े पहनने में परेशानी होती है.

ऐसे में लोग कोहनी और घुटने को गोरा करने के लिए काफी प्रयास करते हैं, कुछ लोग तो इसके लिए मेडिकल ट्रीटमेंट की भी मदद लेते हैं. लेकिन फिर भी उन्हें कोई असर नहीं होता है. अगर आप भी कोहनी के कालेपन से परेशान है, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको टूथपेस्ट के इस्तेमाल के बारे में बताएंगे.

### टूथपेस्ट के फायदे

टूथपेस्ट वैसे तो धातु की सफाई के लिए इस्तेमाल होता है लेकिन आप इसका उपयोग कोहनी और घुटने के कालेपन को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं. जानकारी के मुताबिक टूथपेस्ट डेड स्किन को हटाने में मदद करता है और त्वचा के पीएच लेवल को संतुलित रखता है. जिससे त्वचा का कालापन दूर होता है. यही नहीं टूथपेस्ट एक ब्लीचिंग एजेंट है, जो त्वचा को हल्का करने में भी मददगार माना गया है.

### टूथपेस्ट का इस्तेमाल

टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने के लिए आपको सबसे पहले एक साफ बर्तन में एक चम्मच टूथपेस्ट के साथ नारियल तेल, नमक और नींबू का रस मिलना होगा. इन तीनों का पेस्ट बनाकर आप इसे कोहनी और घुटने पर सर्कुलर मोशन में लगाएं. इसे 5 से 10 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से धो लें. आप इसका हफ्ते में 2 से 3 बार इस्तेमाल कर सकते हैं. ऐसा करने पर आपको कुछ ही दिनों में फर्क देखने को मिलेगा.

### इन चीजों का करें इस्तेमाल

टूथपेस्ट के अलावा आप और भी कई चीजों का इस्तेमाल कर अपनी कहानी और घुटने को गोरा बना सकते हैं जैसे नियमित रूप से मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें डेट स्कीम हटाने के लिए हफ्ते में एक से दो बार कहानी और घुटने पर स्क्रब करें इसके अलावा नींबू के रस और दही का कोहनी और घुटने पर इस्तेमाल करें.

### इन बातों का रखें ध्यान

हल्दी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को हल्का करने में मदद करते हैं और गोरा बनाते हैं. इसलिए आप कोहनी और घुटने पर हल्दी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह घरेलू उपचार आपके घुटने और कोहनी के कालेपन को साफ कर सकते हैं. लेकिन ध्यान रहे कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर से बात जरूर करें और उनकी सलाह ले.

# नेहा सिंह की किलर अदाओं के सामने फेल हुआ उर्फी जावेद का ग्लैमर



भोजपुरी इंडस्ट्री में तहलका मचाने वाली एक्ट्रेस नेहा सिंह अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। नेहा सिंह का अंदाज हद से ज्यादा कातिलाना है। इस बात की गवाही नेहा सिंह का इंस्टाग्राम अकाउंट देता है। नेहा सिंह की फोटोज इंटरनेट पर आते ही छा जाती है। इस बीच नेहा सिंह की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो कि हर तरफ धड़ल्ले से वायरल हो रही है। भोजपुरी की क्वीन नेहा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो नागिन की तरह बलखाती नजर आ रही हैं। नेहा सिंह का ये अंदाज देखते ही बन रहा है। सामने आई इन फोटोज में भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह बेहद बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं।

नेहा सिंह ने ऐसा बोल्डनेस का तड़का लगाया है कि हर कोई घायल हो गया है। भोजपुरी की बोल्ड हसीना नेहा मलिक की हर अदा पर लोग फिदा हो गए है। सामने आई इस फोटो में नेहा सिंह खुले बालों में किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। सामने आई इन फोटोज में नेहा सिंह ने कैमरे के सामने बेहद किलर पोज दिए हैं। नेहा सिंह का एक पोज इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है। इन फोटोज में बोल्डनेस क्वीन नेहा मलिक की अदाएं हद से ज्यादा कातिलाना है। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह ने अपने लुक्स से सभी को घायल कर दिया है। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह इन फोटोज में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट कर रही है। बता दें कि फिगर के मामले में नेहा सिंह, बॉलीवुड एक्ट्रेसेस को भी टक्कर देती हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर कर फैंस को विजुअल ट्रीट देती रहती हैं। नेहा के हर पोस्ट पर लोग रिएक्ट करते हैं। भोजपुरी की पॉपुलर अदाकारा नेहा सिंह के इंस्टाग्राम पर नजर डालें तो उनको 4.7 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। बोल्डनेस क्वीन नेहा सिंह की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। बॉलीवुड अदाकार सनी लियोनी से लेकर टीवी एक्ट्रेस उर्फी जावेद तक, बोल्डनेस के मामले में नेहा सिंह सभी हसीनाओं को टक्कर देती हैं।

# 150 तरीके के होते हैं सिर दर्द, सबसे खतरनाक होता है माइग्रेन, जानें इसका कारण और बचाव



आजकल स्ट्रेस, अनहेल्दी लाइफस्टाइल और खानपान के कारण हमारे शरीर के अंगों पर कई गंभीर असर पड़ते हैं. जिनमें से एक माइग्रेन भी है, जिसमें भयंकर सिर दर्द होता है. लेकिन अधिकतर लोग आम सिर दर्द को माइग्रेन समझ लेते हैं या माइग्रेन के दर्द को आम सिर दर्द समझ कर इसे नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन आपको माइग्रेन के इन पांच मूल कारणों के बारे में पता होना चाहिए, जिससे माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है और आपकी स्थिति को और ज्यादा खराब कर सकता है.

### जेनेटिक हो सकता है माइग्रेन

जी हां, डॉक्टरों का मानना है कि माइग्रेन अक्सर फैमिली हिस्ट्री से जुड़ा हुआ होता है. यदि आपके किसी फैमिली मेंबर को पहले से माइग्रेन की समस्या है, तो यह संभावना है कि आपको भी माइग्रेन की समस्या हो सकती है.

### हार्मोनल चेंज

माइग्रेन के अन्य कारणों में से एक हार्मोनल चेंजेस भी है. खासकर महिलाओं के हार्मोन में पीरियड्स या प्रेगनेंसी की दौरान उतार-चढ़ाव होते हैं, उससे माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है. दरअसल, शरीर में एस्ट्रोजन के लेवल में बदलाव होने के कारण माइग्रेन की स्थिति और गंभीर हो सकती है.

### पर्यावरणीय कारक

कई बार पर्यावरणीय कारक भी माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं. जैसे तेज धूप, टिमटिमाती रोशनी, तेज गंध, तेज आवाज, मौसम में बार-बार बदलाव होना भी माइग्रेन के दर्द को बढ़ा सकता है.

### खाने पीने की हैबिट

जी हां, कुछ खाद्य पदार्थ और ड्रिंक माइग्रेन को ट्रिगर करने के लिए जाने जाते हैं. खासकर अल्कोहल, कैफीन, प्रोसेस्ड मीट और मोनोसोडियम युक्त खाद्य पदार्थ और ड्रिंक का सेवन करना माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है. इसके अलावा खाने में बहुत ज्यादा गैप करना या उपवास करना भी माइग्रेन के दर्द को बढ़ा सकता है.

### स्ट्रेस और तनाव

स्ट्रेस और तनाव माइग्रेन को बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण हो सकता है. जब आप तनाव, चिंता या डिप्रेशन का शिकार होते हैं, तो आपके दिमाग पर इसका असर पड़ता है और यह माइग्रेन को ट्रिगर करके इसके दर्द को बढ़ा सकता है. इसके लिए आपको माइंडफुलनेस ध्यान, योग, फिजिकल एक्टिविटी और पर्याप्त नींद लेना चाहिए .

# राजकुमार राव के कब्जे में रहा बॉक्स ऑफिस! भैया जी को धूल चटा श्रीकांत ने मारी बाजी



श्रीकांत 10 मई, 2024 को पर्दे पर आई थी. फिल्म को रिलीज हुए अब 16 दिन हो गए हैं लेकिन फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए हुए है. राजकुमार राव स्टारर ये फिल्म हर दिन थिएटर्स में करोड़ों का बिजनेस कर रही है. यहां तक की इसपर मनोज बाजपेयी की भैया जी की रिलीज का भी कोई असर होता नहीं दिख रहा है. राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत जहां हर रोज करोड़ों का कलेक्शन कर रही है तो वहीं हर वीकेंड पर फिल्म की कमाई बढ़ती नजर आती है. ये श्रीकांत का तीसरा वीकेंड और इस बार भी फिल्म के कलेक्शन में इजाफा हुआ है. सैकनिल्क के मुताबिक वर्किंग डेज में फिल्म का कलेक्शन 1 से 1.5 करोड़ के बीच था. जबकि शनिवार (16वें दिन) को फिल्म ने 2 करोड़ रुपए का कारोबार किया है. श्रीकांत ने बॉक्स ऑफिस पर इस हद तक पकड़ मजबूत की हुई है कि मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी की रिलीज का भी इसपर कोई असर नजर नहीं आ रहा है. भैया जी ने 24 मई को थिएटर्स में दस्तक दी थी. शनिवार के कलेक्शन में जहां श्रीकांत ने 2 करोड़ रुपए कमाए हैं तो वहीं भैया जी 1.75 करोड़ रुपए में ही सिमट गई. राजकुमार राव की श्रीकांत का बजट मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 40-50 करोड़ रुपए है. फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब तक 34.65 करोड़ रुपए कमा चुकी है. वर्ल्डवाइड भी फिल्म 40 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है. ऐसे में मेकर्स को उम्मीद है कि फिल्म अपना बजट निकालने में कामयाब होगी. श्रीकांत के स्टारकास्ट की बात करें तो राजकुमार राव के अलावा फिल्म में अलाया फर्नीचरवाला भी हैं. फिल्म में राजकुमार और अलाया की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है. इसके अलावा ज्योतिका और शरद केलकर भी श्रीकांत में नजर आए हैं.

# 10:29 की आखिरी दस्तक के हर एपिसोड में दिखेगा मेरे किरदार का रहस्यमय अवतार : आयुषी भावे



अपकमिंग सुपरनैचुरल थ्रिलर 10:29 की आखिरी दस्तक में बिंदू का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस आयुषी भावे ने बताया कि दर्शकों को हर एपिसोड के साथ उनके किरदार में नई परतें देखने को मिलेंगी। किरदार के बारे में बोलते हुए आयुषी ने उत्साह व्यक्त किया और कहा, शो बहुत दिलचस्प है। मेरा किरदार मेरे पहले निभाए गए किरदारों से बेहद अलग है। बिंदू के रूप में मेरा किरदार काफी दिलचस्प है, वह जिंदादिल और दूसरों से हटकर है। दर्शकों को हर एपिसोड के साथ मेरे रहस्यमय किरदार की नई परतें देखने को मिलेंगी। उन्होंने कहा, यह बहुत दिलचस्प होने वाला है, क्योंकि बिंदू का किरदार शो की कहानी का मुख्य केंद्र है, जो रहस्य और जटिलता से भरा हुआ है। यह शो रोंगटे खड़े कर देने वाला है। यह जल्द ही स्टार भारत पर प्रसारित होगा।

# बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन भी नहीं चला मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी का जादू



इन दिनों अभिनेता मनोज बाजपेयी खूब चर्चा में हैं और हों भी क्यों न, उनकी फिल्म भैया जी सिनेमाघरों में जो लगी हुई है। हालांकि, इस फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने कमाल नहीं किया और दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं।कियास लगाए जा रहे थे कि फिल्म को वीकेंड की छुट्टी का फायदा मिलेगा, लेकिन भैया जी का भौकाल नहीं चल पाया। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, भैया जी ने दूसरे दिन यानी शनिवार को देशभर में 1.75 करोड़ का कारोबार किया है। हालांकि, ये आंकड़े शुरुआती हैं।

# बला के खूबसूरत भूतों वाली अरनमनई 4 अब हिंदी में भी



तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की तमिल हॉरर-कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 जब से बड़े पर्दे पर रिलीज़ हुई है, तब से ही तहलका मचा रही है। दर्शकों से यह फिल्म खूब प्रशंसा बटोर रही है। बावेजा स्टूडियोज़ और कार्मिक फिल्म्स ने ब्लॉकबस्टर हिट अरनमनई 4 की हिंदी डब रिलीज़ की घोषणा की है, जो 31 मई, 2024 से आपके नज़दीकी सिनेमाघरों में उपलब्ध होगी। इस फिल्म की कहानी खतरनाक भूत बाक पर आधारित है, जो पूर्वी भारतीय लोककथाओं की समृद्ध परंपरा का बखान करती है। फिल्म में एक पारिवारिक परिवेश में अच्छी और बुरी ताकतों को एक विशेष उद्देश्य के चलते लड़ते हुए दिखाया जाएगा। तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना ने फिल्म में अपनी अदाओं का बेमिसाल जादू बिखेरा है।

# शाहिद-मीरा ने मुंबई में खरीदा 60 करोड़ का नया घर



बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और उनकी वाइफ मीरा राजपूत ने मुंबई में एक नया अपार्टमेंट खरीदा है। इस लग्जरी अपार्टमेंट की कीमत तकरीबन 60 करोड़ रुपए है। कपल का यह अपार्टमेंट वर्ली के ओबेरॉय 360 वेस्ट प्रोजेक्ट का हिस्सा है। यह 5,395 स्क्वायर फीट में फैला हुआ है, जिसमें तीन पार्किंग स्पेस हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहिद और मीरा ने बीते 24 मई को अपने इस अपार्टमेंट का रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके साथ ही कपल ने 1.75 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी भी चुकाई है। कपल का यह अपार्टमेंट ओबेरॉय रियल्टी द्वारा बनाई गई बिल्डिंग में सबसे ऊंचे फ्लोर पर स्थित है। दोनों ने इसे चंदक रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा है। इससे पहले 2018 में भी शाहिद ने इसी बिल्डिंग में एक अपार्टमेंट खरीदा था। तब उस अपार्टमेंट की कीमत 55.60 करोड़ रुपए थी। इसके लिए उन्होंने 2.91 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी चुकाई थी। वर्कफ्रंट पर शाहिद की पिछली फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। इन दिनों वे 'देवा' की शूटिंग कर रहे हैं। इसमें उनके अपोजिट एक्ट्रेस पूजा हेगड़े होंगी। इसके अलावा शाहिद के पास वेब सीरीज 'फर्जी' का सीजन 2 भी है, जो जल्द ही हझझ पर रिलीज होगा।

# भीषण गर्मी में मंडी का वाटर कुलर मशीन बंद... प्यास से भटक रहे किसान

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। नवतपा ने तो लोगों के प्राण ही सुखा दिए है। 43 डिग्री के उपर बड़ी तापमान से लोगों का रह कर मुंह सुख जा रहा है। प्यासे कंठ को तर करने के लिए बार-बार पानी की आवश्यकता पड़ रही है।

- मंडी में रेजा-हमालों के लिए भी पानी की व्यवस्था का रोना
- धान प्लाट में लाइट नहीं... अंधेरे में कांटा करने की मजबूरी

शहर के कई स्थानों में समाजसेवियों ने शीतल प्याऊ घर की व्यवस्था की है लेकिन रोजाना सैकड़ों की संख्या में मंडी आने वाले किसान रेजा-हमाल व अन्य लोगों के लिए पानी की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। हालांकि यहां वाटर कूलर मशीन लगाई गई है। लेकिन वह पूरी तरह बंद पड़ा है। गांव-देहात से मंडी में अपनी उपज बेचने आने वाले किसानों को भीषण गर्मी के दिनों में मंडी परिसर में कही शीतल जल की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें प्यासा रह जाना पड़ रहा है। अर्जुनी क्षेत्र के ग्राम केसला से आए किसान राजेन्द्र साहू ने बताया कि वाटर कुलर मशीन के बंद होने से लोगों को ठंडा पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के दिनों में जब रह-रह कर मुंह सूखा जा रहा है तब मंडी प्रबंधन को चाहिए कि यहां आने वाले किसानों के लिए कम से कम ठंडा पानी के लिए कुछ व्यवस्था करे। लेकिन प्रबंधन द्वारा यह भी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी में शहर के कई व्यापारी आते है। जीव दया को समझने वाले कई व्यापारी समाज सेवा के क्षेत्र में है। वे ही कम से कम रोजाना सैकड़ों लोगों के आने की जगह मंडी में कही प्याऊ घर ही खुलवा देते तो उन्हें पुण्य लाभ मिलता। फिलहाल गर्मी के दिनों में मंडी परिसर में एक भी प्याऊ घर नहीं होने से लोगों को प्यासे रह जाना पड़ रहा है। मंडी परिसर स्थित वाटर कुलर मशीन का बंद होने व्यवस्था की लापरवाही को दर्शाता है।

### मजदूरों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं

बता दे कि कृषि उपज मंडी-बसंतपुर में रोजाना सैकड़ो की संख्या में किसान आते है। इसी तरह इनके सहयोग के लिए रेजा, हमाल, तौलेए का भी आना होता है। व्यापारी अडतिये भी आते है। मंडी कर्मचारी भी रहते है लेकिन इनके उपयोग के लिए यहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। रेजा-हमाल-तौलेए आदि मंडी परिसर में स्थित केन्टीन से पानी ले जाते है। यहां तक की भोजन के बाद इन हमालों के टिफिन डब्बा आदि को धोने के लिए पानी की उपलब्धता नहीं है। बेचारों को बाथरूम के नल का पानी उपयोग करना पड़ता है।

### मंडी में समस्याओं का अंबार

हमालों ने बताया कि मंडी में न केवल पीने के पानी की समस्या है। धान प्लाट की ओर लाइट की भी समस्या है। लाइट नहीं होने से देर शाम रात होते ही अंधेरे में कांटे कटने पड़ते है। मंडी के बाबू बलभद्र चन्द्राकर ने बताया कि मंडी परिसर में असमाजिक तत्व आकर नल आदि को तोड़-फोड़ कर देते है। मंडी में 100 कर्मचारियों के स्थान पर मात्र 20-25 कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है। रात्रि में चौकीदार की व्यवस्था नहीं हो पाती। .... प्लाट की और हवा-तूफान में बिजली के तार टूटे पड़े है। विद्युत विभाग को सूचना देने के बाद भी सुधारा नहीं जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंडी परिसर में पिछले दिनों उद्याचल द्वारा ठंडा पानी मशीन (वाटर कुलर) लगाया गया लेकिन दो-तीन दिन चलने के बाद बंद पड़ा है। संस्था को इसकी शिकायत की जाएगी।

इसी तरह मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष कमल गांधी ने बताया कि व्यापारी मंडी को लाखों रूपए के टैक्स देते है। इसके बावजूद मंडी प्रशासन न तो गर्मी के दिन में ठंडे पानी की व्यवस्था कर पा रहा है और न अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की ओर उनका ध्यान है।

# ई-केवायसी कराने की आज अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। घरों में उपयोग किए जाने वाले रसोई गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी कराने का आज 31 मई अंतिम दिन है। गैस एजेंसी वालों की माने तो गैस मंत्रालय द्वारा ई-केवाइसी कराने की अंतिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया गया है। इससे अभी तक जिन लोगों ने अपने कनेक्शन का ई-केवाइसी नहीं कराया है। उन्हें गैस पर सरकार से मिलने वाली सब्सिडी व गैस कनेकटीन सहित अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

**नहीं कराने पर सब्सिडी व गैस कनेक्शन सहित अन्य सुविधाओं से वंचित हो सकते है उपभोक्ता**

बता दे कि पिछले कई महिने से शहर के इण्डेन गैस, एचपी गैस व अन्य गैस सेन्टर में रसोई गैस उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी कराए जाने का कार्य जारी रहा। इसके तहत 65 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ताओं ने अपने कनेक्शन का ई-केवाइसी करवा लिया है। ई-केवाईसी कराने के लिए लोगों को काफी समय भी दिया गया था। जिसकी अवधि आज 31 मई को पूरी हो रही है। इसके बाद ई-केवाइसी का काम पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इण्डेन गैस के संचालक नरेन्द्र डाकलिया ने बताया कि उपभोक्ताओं को ई-केवाइसी करवाने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से शहर सहित विभिन्न वार्डों में एनाउसमेंट करवाया गया था। ई-केवाइसी यानी कराने की अंतिम तिथि भी बताई गई थी। इसके बाद भी अभी तक लगभग 35 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी नहीं कराया है जिसके चलते उन्हें सरकारी लाभ से वंचित होना पड़ेगा।

### ढाई लाख गैस उपभोक्ता

इन्डेन गैस एजेंसी के श्रेयांश डाकलिया ने बताया कि शहर में ईण्डेन व एचपी गैस की दो ऐजेन्सी संचालित है। गांव देहात के लिए भारत पेट्रोलियम द्वारा एजेन्सी संचालित हो रहा है। इन एजेंसियों के तकरीबन ढाई लाख उपभोक्ता है। जिसमें से अभी तक एक लाख 75-80 हजार उपभोक्ता अपने कनेक्शन का ई-केवाइसी कराया है। तीनों ऐजेन्सी के शेष 35 प्रतिशत उपभोक्ता ई-केवाईसी कराने से बच गए है। जबकि इन्हें बार-बार ई-केवाइसी कराने के लिए अखबारों से लेकर मोबाईल मेसेज व ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से अवगत कराया जाता रहा। लेकिन 35 प्रतिशत उपभोक्ता ई-केवाईसी कराने में रूचि नहीं ली। इसमें उन्हें सरकार गैस कनेक्शन पर प्रति सिलिण्डर दी जाने वाली सब्सिडी सहित अन्य सुविधाओंसे वंचित होना पड़ेगा। बहरहाल ई-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि आज 31 मई होने के कारण हो सकता है कि उपभोक्ता सरकार की उपरोक्त सुविधा से वंचित नहीं होने ई-केवाईसी कराने के लिए अपने गैस एजेन्सी तक पहुंचे।

# ठेठवार पारा के मेघावी छात्र का नवोदय स्कूल में दाखिला



डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी के वार्ड नं 22 ठेठवार पारा डोंगरगढ़ के होनहार मेघावी छात्र दिव्यांश जंघेल पिता सुनील जंघेल माता यशोमति जंघेल ने प्रथम बार मे ही राष्ट्रीय स्तर के बेहद कठिन परीक्षा में से 1 सैनिक स्कूल अम्बिकापुर की परीक्षा 80% के साथ पास कर लिया साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ की परीक्षा भी पास कर लिया। और नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में एडमिशन भी ले लिया। एक ही वर्ष में दोनों परीक्षा पास करने वाले छात्र दिव्यांश के इस विशेष उपलब्धि पर बीते दिनों छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं खैरागढ़ के पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने उन्हें रायपुर में सम्मानित किया। साथ ही साथ उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर वार्ड के संतोष राव, ललित शर्मा, संतोष देवांगन, अमित यदु, अनिल शर्मा, राम यदु, सुरेश शर्मा, अजय सिन्हा, सूरज सेन, अजय शर्मा, जितेंद्र उइके सहित सभी ने उन्हें एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं दी।

# प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू के चलते समर कैम्प स्थगित

रायपुर (दावा)। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के मद्देनजर स्कूल शिक्षा विभाग ने समर कैम्प को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा उक्त आदेश जिला कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी कर दिया है।

गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न के उनमें बहुमुखी कौशल के विकास के लिए प्रदेश में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा था।

# रायल किड्स कान्वेंट में समर कैंप स्थगित

राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में 1 जून से आरंभ होने वाले समर कैंप को भीषण गर्मी के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है । मौसम के सामान्य होने पर इस बारे में नई सूचना जारी की जाएगी। यह जानकारी शाला के प्राचार्य ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

**जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न बहाये ।**

# कल से आरोग्य भारती की अखिल भारतीय कार्यशाला, डॉ. रमन सिंह करेंगे शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष इन चतुर्विध पुरूषार्थों की प्राप्ति का 'आरोग्य' ही मूल कारण है। सुख संपन्नता एवं विकास का स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। स्वस्थ व्यक्ति के द्वारा ही राष्ट्र समृद्ध एवं गौरवशाली बन सकता है। आरोग्य भारती स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम एवं स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना को लेकर सन् 2002 से स्वास्थ के क्षेत्र में कार्य करने वाला स्वयं सेवी संगठन है, जो भारतीय परंपरा, स्वस्थ जीवनशैली एवं जीवन मूल्यों की रक्षा को आधार मानकर विभिन्न प्रचलित पद्धतियों का सम्मान करते हुए कार्य कर रही है।

**o धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष इन चतुर्विध पुरूषार्थों की प्राप्ति का 'आरोग्य' ही मूल कारण है**

आरोग्य भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत के सहसचिव डॉ. अभिषेक जोशी ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए समर्पित आरोग्य भारती ग्रामीण भारत में सकारात्मक स्वास्थ्य का प्रसार करने के लिए प्रारंभ से ही 'स्वस्थ्य ग्राम योजना' पर कार्य कर रही है। इसी संदर्भ में स्वस्थ ग्राम योजना विषय पर अखिल भारतीय कार्यशाला का आयोजन स्थानीय अग्रसेन भवन में दिनांक 1 व 2 जून 2024 को होना सुनिश्चित हुआ है कार्यशाला में महाकौशल, मध्यभारत, गुजरात, छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रान्तों के प्रतिनिधियों अपनी सहभागिता देंगे।

1 जून को प्रातः 11:15 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। उद्घाटन सत्र में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छ.ग. अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. टोपलाल वर्मा प्रांत संघचालक छ.ग. मुख्य वक्ता डॉ. अशोक वार्ष्णेय भोपाल राष्ट्रीय संगठन सचिव आरोग्य भारती, विशिष्ट अतिथि सदाशिव बैंगलोर, राष्ट्रीय स्वास्थ ग्राम प्रमुख आरोग्य भारती होंगे। डॉ. जोशी ने बताया कि भारत देश गांव आधारित देश है स्वस्थ ग्राम से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है हमारे कार्यक्रमों में-स्वच्छ पेयजल, उचित स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, गांव में स्वास्थ संबंधी विषयों के बारे में सामूहिक विचार करना तथा ऐसे विषयों पर चर्चा कर प्रोत्साहन देना सम्मिलित है। हर व्यक्ति एवं समाज इतना जागरूक, शिक्षित एवं साधन संपन्न हो कि स्वयं इन समस्याओं का समाधान कर सके। इस भारतीय स्वास्थ्य चिंतन को आधार बनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ सेवाओं को पहुंचाना आरोग्य भारती का मूल उद्देश्य है। स्वास्थ्य का विषय क्षेत्रानुसार, मौसम के अनुसार व्यवसाय के अनुसार और मनुष्य-मनुष्य की प्रकृति के अनुसार अलग-अलग रहता है। स्वास्थ्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य नहीं होता, मानसिक, मनोवैज्ञानिक, आध्यात्मिक स्वास्थ्य भी इसके महत्वपूर्ण पहलू है। एक ही व्यक्ति के स्वस्थ रहने के लिए अलग-अलग आयुवर्ग में अलग-अलग आवश्यकताएं रहती है। इतना बड़ा परिक्षेत्र रहने के बाद भी स्वास्थ्य की विशेषता यह है कि छोटे-छोटे उपक्रमों को नियमित रूप से पालन करने एवं उनकों अभ्यास में लाने से स्वास्थ्य ठीक रहता है और इसलिए नियमित अभ्यास के रूप में अलग-अलग प्रकार के सेवा प्रकल्पों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम तथा समाज के प्रबोधन के लिए विभिन्न संगोष्ठीयों एवं कार्यशाला का आयोजन होता है।

# 13 जून को छत्तीसगढ़ में दस्तक दे सकता है मानसून, एक जून से ही बदल जाएगा मौसम का मिजाज

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने की गतिविधि लगातार जारी है और इसके लिए परिस्थितियां भी अनुकूल बन रही हैं। मौसम विज्ञानियों ने संभावना जताई है कि मानसून 13 जून को जगदलपुर होते हुए छत्तीसगढ़ प्रवेश करेगा।

इसके बाद 16 जून को मानसून के छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रवेश की संभावना है। साथ ही 21 जून को मानसून के अंबिकापुर में प्रवेश करते ही पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून प्रवेश कर जाएगा।

अभी तो पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट है, हालांकि एक जून से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा और अंधड़ के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इन दिनों लगातार अधिकतम व न्यूनतम तापमान बढ़ोतरी के साथ ही प्रदेश भर में लू भी चल रही है। मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट भी जारी कर दिया है।

विभाग के अनुसार गुरुवार 30 मई व शुक्रवार 31 मई को भी प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के कुछ क्षेत्रों में लू चलेगा। लोगों को चाहिए कि लू से बचने का उपाय करते हुए पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। साथ ही घर से बाहर निकलने से पहले शरीर को अच्छी तरह से ढंके।

मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा बारिश होने की संभावना है। यह देखा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में मानसून प्रवेश छह दिन पहले प्रवेश कर रहा है।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शनिवार एक जून से अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट आनी शुरू होगी और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

**आवश्यकता है**

श्री राधाकृष्ण गौधाम (गौशाला) ग्राम बांकल स्टेशन खपरी रोड़ में कृषि एवं गौ सेवा कार्य हेतु एक परिवार की आवश्यकता है। जिला राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़, मोहला मानपुर एवं दुर्ग के इच्छुक ग्रामवासी संपर्क करें । अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक है। आकर्षक वेतन, रहने की सुविधा सहित।

**77709-11055**

# सूर्यकांत तिवारी और निलंबित आईएएस समीर विश्नोई चार दिनों के लिए ईओडब्ल्यू की रिमांड पर



रायपुर (आरएनएस)। कोयला घोटाला मामले के आरोपी सूर्यकांत तिवारी और निलंबित आईएएस समीर विश्नोई को ईओडब्ल्यू ने चार दिनों की रिमांड पर लिया है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को चार दिन की पूछताछ के लिए ईओडब्ल्यू को सौंपा है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ के लिए ईओडब्ल्यूने कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट के लिए आवेदन लगाया था। जिसपर गुरूवार को कोर्ट में सुनवाई हुई जहां कोर्ट ने दोनों आरोपियों को चार दिन के लिए ईओडब्ल्यू को सौंपा है। जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी से निलंबित आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया के समक्ष सभी से पूछताछ करेगी। मामले में आरोपी सौम्या चौरसिया और रानू साहू 3 जून तक ईओडब्ल्यू रिमांड पर हैं।

# टैक्स बार एसो. ने ई वे बिल जारी करने की सीमा 2 लाख रूपये करने की मांग की

**50 हजार से अधिक के परिवहन पर ई वे बिल अनिवार्य**



राजनांदगांव (दावा)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अनुपालन में जुड़ी समस्याओं के विषय में ईओडीपी के अनुक्रम में कार्यालय सहायक आयुक्त राज्यकर कार्यालय में अधिवक्ता एवं सीए की बैठक ज्वाइंट कमिशनर राज्यकर दुर्ग संभाग श्रीमती भावना अली, उपायुक्त राज्यकर रामनरेश चौहान ने लिया। आउटरीज कार्यक्रम के तहत व्यवसाय के अनुक्रम मे आने वाली बाधाओं को दूर करने व अब राज्य में व्यावसायियों के लिए 50 हजार रूपये मूल्य से अधिक के वस्तु का परिवहन करने पर ई वे बिल जारी करना आवश्यक कर दिया गया है, के सबंध में जानकारी दिया गया। अभी तक राज्य में एक जिले के भीतर माल के परिवहन करने पर ई वे बिल जारी करना आवश्यक नहीं था साथ ही 15 वस्तुओं को छोड़कर राज्य के भीतर किसी भी वस्तु के परिवहन पर ई वे बिल की आवश्यकता नही थी।

टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष कमल किशोर साहू ने ई वे बिल जारी करने की सीमा 50 हजार से 2 लाख रूपये करने की मांग की। बैठक में सहायक आयुक्त राज्यकर राजनांदगांव वृत कविता ठाकुर ने ई वे बिल जारी करने व जीएसटी में आने वाली कठिनाईयों पर विस्तृत चर्चा कर दूर करने का आश्वासन दिया।

बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश एच.लाल, जुगल किशोर अग्रवाल, शिवकुमार चौरसिया, प्रकाश सांखला, महेश प्रसाद शर्मा, सीए सुरेश गांधी, प्रफुल्ल कोठारी, भागवत साहू, शूभम भंसाली, अशोक साहू, सीए राहुल जैन, यशवंत देशमुख, सीए अजय बरडिया, मनमोहन साहू, सीए आयुष साहू, अभय सांखला, लक्ष्मीकांत साहू, पंकज गंगवानी, ललित सांखला, हीरेन्द्र देवांगन, ढालसिंह साहू, लोकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या मे सीए अधिवक्ता सहित अतिरिक्त आयुक्त लेखराम बंजारी, राज्यकर अधिकारी पंकज श्रीरंगें उपस्थित हुये। बैठक का संचालन वरिष्ठ कार्यालय सहायक राज्यकर अविनाश साहू ने किया।

# कुलपति ममता चंद्राकर के खिलाफ अनशन के लिये सेवानिवृत्त शिक्षक ने मांगी कलेक्टर से अनुमति



खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति को लेकर लगातार आरोप व विरोध से घिरी पद्मश्री ममता (मोक्षदा) चंद्राकर की मुश्किल बढ़ने वाली है। पूर्व में कुलपति ममता चंद्राकर की नियुक्ति को ही असंवैधानिक बताने वाले राष्टपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक बीआर यादव ने एक बार फिर कुलपति की नियुक्ति को असंवैधानिक बताकर मोर्चा खोला है।

कलेक्टर को सौंपे गये अनुमति पत्र में बी आर यादव ने आगामी 07 जून से कुलपति के विरूद्ध शांतिपूर्ण अनशन की अनुमति मांगी है।। अनशन की अनुमति को लेकर संदर्भ प्रदर्शित करते हुये बी आर यादव ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के रीट पीटिशन सिविल क्र. 1525 ऑफ 2019 के निर्णय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम 2018 के प्रावधान तथा विश्वविद्यालय के अध्यादेश 171 की धारा 7 व राजभवन द्वारा जारी विज्ञापन के आधार पर पात्रता के विपरीत ममता (मोक्षदा) चंद्राकर की नियुक्ति से संबंधित राजभवन को कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित शिकायत ज्ञापन के आधार पर वह शांतिपूर्ण अनशन करना चाहते हैं।

**राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक ने खोला कुलपति के खिलाफ मोर्चा**

अनशन को लेकर कलेक्टर को लिखे पत्र में बी आर यादव ने आगे कहा है कि राज्यपाल के सचिव को पूर्व में कुलपति ममता चंद्राकर की नियुक्ति से संबंधित शिकायत प्रेषित की गई थी।। जिसमें इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर उनकी नियुक्ति को असंवैधानिक बताकर ममता चंद्राकर की कुलपति पद पर नियुक्ति को समाप्त किये जाने की मांग की गई थी,वहीं कुलपति ममता चंद्राकर द्वारा नियम विरूद्ध किये गये। उल्लेखित समस्त कार्यवाहियां विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 10-6 के अंतर्गत अपास्त करने योग्य है साथ ही श्रीमती चंद्राकर के कार्यकाल की जांच विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 54 के अंतर्गत की जानी चाहिये। बी.आर. यादव ने कुलपति ममता चंद्राकर पर लगाये गये आरोपों को लेकर आगे कहा है कि ममता चंद्राकर को 2.12.2023 के बाद राजकोष/विश्वविद्यालय कोष से वेतन स्वीकृत नहीं किया जाना चाहिये तथा ममता चंद्राकर को प्रदत्त विश्वविद्यालयीन प्रशासनिक शक्तियों को तत्काल प्रभाव से शून्य किया जाना चाहिये एवं आगामी आदेश तक कोई भी क्रय-विक्रय, निर्माण कार्य आदि पर भी रोक लगा दी जानी चाहिये। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में हुई कतिपय पदोन्नति की भी जांच बेहद आवश्यक है तथा छत्तीसगढ़ की गरिमा का प्रतीक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के हित में तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक को नियमानुसार प्रभारी कुलपति नियुक्त कर नवीन कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करना चाहिये। उपरोक्त मांगों को लेकर बी आर यादव ने कलेक्टर से अनशन करने की अनुमति मांगी है और इस संदर्भ में पत्र की प्रतिलिपि राज्यपाल के सचिव को भी प्रेषित की है।

# शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को फिर 14 दिनों की न्यायिक रिमांड



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गुरूवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां सुनवाई के बाद चारों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार गुरूवार को चारों की 14 दिन की न्यायिक रिमांड खत्म हुई थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया था। जहां कोर्ट ने फिर से 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

बता दें कि ईडी ने अनवर ढेबर को 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला का दोषी बताया था तथा पुछताछ के बाद मई महीने में ही अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया गया था। ईडी के अनुसार अनवर ढेबर ने साल 2019 से 2022 तक 2000 करोड़ का अवैध धन शराब के जरिए कमाया, जिसे दुबई में अपने साथी विकास अग्रवाल के जरिए खपाया। ईडी की ओर से कहा गया कि अनवर ने अपने साथ जुड़े लोगों को परसेंटेज में पैसे बांटे गये थे। इसके बाद इस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी, कारोबारी त्रिलोक ढिल्लन, नितेश पुरोहित और अरुनपति त्रिपाठी को भी गिरफ्तार किया गया था।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com